RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Div./244/2020-2022
Desp. Date - 02 December, 2021

अंक – 06 (मासिक) वर्ष – 17 दिसम्बर, 2021 मूल्य 20/–

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

# श्री माहेश्वरी टाईम्स

दीपावली विशेषांक

# भारत सिर्फ भारत



## "भारत को तो केवल भारत ही बोला जाये"

प. पू. स्वामी गोविंद देव गिरि जी



रही महापर्व दीपोत्सव की अनुगूँज



9 जनवरी 2022 को होगा अ.भा. माहेश्वरी सेवा सदन का चुनाव

7 से 9 जनवरी 2022 तक अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन करेगा 'शंखनाद–2022'

वैवाहिक डायरेक्ट्री श्री माहेश्वरी मेलापक 2022 का प्रकाशन प्रारंभ

Visit us @ srimaheshwaritimes.com

SMT NEWS
VIDEO NEWS BULLETIN


KĀBEL
MAKE THE
RIGHT CHOICE
FOR YOUR HOME
SUPEREX FR
FIREX LSOH
UNILAY HR FR
FLAMEX FR-LSH
DO THE
AKALMAND
THING!
GLOBAL
RAM RATNA GROUP
R R KABEL LTD. Regd. Office : Ram Ratna House, Oasis Complex, P. B. Marg, Worli, Mumbai - 400 013.
T : +91 - 22 - 2494 9009 / 2492 4144 • F : +91 - 22 - 2491 2586 • E : mumbai.rrkabel@rrglobal.in
Corp. Office : 305/A, Windsor Plaza, R. C. Dutt Road, Alkapuri, Vadodara - 390 007.
T : +91 - 265 - 2321 891 / 2 / 3 • F : +91 - 265 - 2321 894 • E : vadodara.rrkabel@rrglobal.in
www.rrkabel.com • www.rrglobal.in

अपनों के लिए अपनी पत्रिका

**श्री माहेश्वरी टाईम्स**

RNI-MPHIN/2005/14721

अंक-06 दिसम्बर 2021 वर्ष-17

प्रेरणास्रोत
**स्व. श्री बंशीलाल बाहेती**
**स्व. श्री मदनलाल पलौड़**

प्रबंध सम्पादक एवं निदेशक
**श्रीमती सरिता बाहेती**

सम्पादक
**पुष्कर बाहेती**

संरक्षक
**पद्मश्री बंशीलाल राठी (चैन्नई)**
**श्री नेमीचन्द तोषनीवाल (कोलकाता)**
**श्री जोधराज लड्ढा (कोलकाता)**
**श्री रामकुमार टावरी (दिल्ली)**

अतिथि सम्पादक
**रामरतन मूंधड़ा, भाटापारा (छ.ग.)**

परामर्शदाता
**दिनेश माहेश्वरी (भूतड़ा) मुम्बई/इन्दौर**
**घनश्याम करनानी (कोलकाता)**

कला निदेशक
**अक्षय आमेरिया**

विधि सलाहकार
**राजेन्द्र ईनाणी, एडव्होकेट (बागली)**

सम्पादकीय सलाहकार
**गोविन्द मालू (इन्दौर)**
**बाबूलाल जाजू (भीलवाड़ा)**
**प्रो. कल्पना गगडानी (मुम्बई)**

कार्यालय-
९०, विद्या नगर (टेड़ी खजूर दरगाह के पीछे),
साँवेर रोड, उज्जैन-456010 (म.प्र.)
Phone : 0734-2526561, 2526761
Mobile : 094250-91161
e-mail : smt4news@gmail.com
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती सरिता बाहेती द्वारा ऋषि ऑफसेट, श्री माहेश्वरी भवन, गोलामण्डी, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

- श्री माहेश्वरी टाईम्स में प्रकाशित सभी लेखों के विचारों पर सम्पादक/प्रकाशक की सहमति हो, यह आवश्यक नहीं है।
- सभी प्रसंगों का न्यायक्षेत्र उज्जैन (म.प्र.) होगा।

Sri Maheshwari Times
- PNB A/c. No. : 0459002100043471
  IFSC- PUNB0045900
- ICICI A/c. No. : 030005001198
  IFSC- ICIC0000300

Tariff of Membership
Rs. 800/- for Three years
Rs. 3100/- for Life Time (12 Years)




## महाभारत में गुरु महिमा

विचार क्रान्ति

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा है। गुरु दो अक्षरों का जोड़ शब्द है, जिसके 'गु' का अर्थ अंधकार है और 'रु' का अर्थ है दूर करने वाला। अर्थात् जो अपने ज्ञान के प्रकाश से हमारे अज्ञान का अंधकार दूर करता है, वह 'गुरु' है। जो संसार यात्रा का पथ प्रकाशित कर जीवन को सुगम बनाता है, वह गुरु है और ज्ञान के महादान के कारण परम् पूज्य है।

महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास गुरु के पर्याय है। उनका प्राकट्य दिवस गुरु पूर्णिमा है। महाकाव्य में भगवान कण्व से लेकर परशुराम और द्रोण से लेकर कृप तक सूर्य की भाँति तप व ज्ञान से दैदीप्यमान अनेक गुरुओं की कीर्ति कथाएँ हैं। आदिपर्व के पहले अध्याय का दूसरा श्लोक महर्षि शौनक के 'गुरुत्व' का परिचायक है जिसमें वे नैमिषारण्य के 'कुलपति' कहे गए हैं। जो दस हजार विद्यार्थियों की शिक्षा ही नहीं बल्कि उनका भरणपोषण भी करता था, वह 'कुलपति' होता था। फिर आदिपर्व में ही महर्षि आयोदधौम्य के प्रख्यात गुरुभक्त शिष्यों उपमन्यु, आरुणि और वेद की प्रेरक कथाएँ हैं। जो संकेत है कि महाभारतकार ने इन्हें प्रारंभ में इसलिए रखा कि हम ग्रन्थ के पारायण से पहले गुरु महिमा का मर्म जान लें। महाकाव्य महाभारत हो या जीवन की महाभारत, गुरु की कृपा बगैर न तो धर्मग्रंथ के ज्ञान का रहस्य बोध सम्भव है, न ही जीवन में जय!

महाभारत में गुरुओं के श्रीमुख से कहे जीवन सूत्र संकलित हैं। एक ओर जगतगुरु भगवान श्रीकृष्ण की कही गीता है तो दूसरी ओर महामना भीष्म का युधिष्ठिर को दिया उपदेश है। भीष्म के उपदेश 'शांतिपर्व' का वह ज्ञान-धन है कि इसे पाकर कोई भी जीवन में जय, आनन्द और सार्थकता के साथ शांति पाकर मालामाल व निहाल हो सकता है। मगर यह तभी सम्भव है जब माता, पिता और गुरु की कृपा हो।

अद्भुत है कि शरशय्याशायी भीष्म से युधिष्ठिर ने पूछा, 'पितामह! धर्म का मार्ग बहुत बड़ा और अनेक शाखाओं वाला है। ऐसे में इन धर्मो में आप किसे विशेष रूप से आचरण में लाने योग्य समझते है?'

तब भीष्म ने कहा, 'मातापित्रोर्गुरूणां च पूजा बहुमता मम। इह युक्तो नरो लोकान् यशश्च महदश्नुते।।' अर्थात् राजन! मुझे तो माता-पिता तथा गुरुजनों की पूजा ही अधिक महत्व की वस्तु जान पड़ती है। इस लोक में इस पुण्य कार्य में संलग्न होकर मनुष्य महान यश और श्रेष्ठ लोक पाता है। यह भी कि 'ऋषयश्च हि देवाश्च प्रीयन्ते पितृभिः सह। पूज्यमानेषु गुरुषु तस्मात् पूज्यतमो गुरुः।।' अर्थात् गुरुओं के पूजित होने पर पितरों सहित देवता और ऋषि भी प्रसन्न होते हैं, इसलिए गुरु परम् पूजनीय है।

साधो! सार यह कि जीवन में जो गुरु की कृपा का प्रसाद पा लेता है, वह सृष्टि की समस्त देव सम्पदा का अनुग्रह पा जाता है। तब उसकी सफलता और सार्थकता दोनों सहज ही सुनिश्चित हो जाती है।

■ डॉ. विवेक चौरसिया



सम्पादकीय

# भारत सिर्फ और सिर्फ ''भारत''

भारत सिर्फ ''भारत''... यह एक अभियान नहीं आंदोलन है। भारत एक मात्र ऐसा देश है जिसे अन्य नाम से भी पुकारा जाता है। हम आजादी का 75 वां साल अमृत महोत्सव के नाम से मना जरूर रहे हैं लेकिन इस पूरे आयोजन में एक यही बात मिसिंग महसूस हो रही है कि आजादी के इतने सालों बाद भी हम अपने देश का एक नाम तय नहीं कर पाए। हम स्वयं भी यह तय नहीं कर पाए कि भारत का नाम हम 'भारत' ही क्यों नहीं लिखते? क्यों दूसरे नाम का उपयोग भी दस्तावेजों में किया जाता है? भारत का नाम भारत लिखने से गुरेज क्यों है? क्यों हमें अपने इस नाम पर गर्व नहीं होता? क्यों हम दूसरे नाम को ज्यादा पसंद करते नजर आते हैं? सरकार अब तक क्यों इस मुद्दे पर मौन है? राष्ट्रीयता की बात करने वाले क्यों इसके लिए आगे नहीं आ रहे? हम देश से सारे गुलामी के निशान मिटाने की बात करते हैं, शहर, रेलवे स्टेशन, सड़क तक के नाम बदलने को तैयार हैं, लेकिन देश का नाम ही एक नहीं रख पा रहे, यह कैसी मजबूरी है? यदि हम अपने देश का एक नाम ही तय नहीं कर पाए तो फिर बाकी बदलाव का अर्थ क्या है? इस दिशा में सरकार कुछ करे या न करे, यह आंदोलन अब हर नागरिक का होना चाहिए। हम आज ही तय कर लें कि हम अपने देश का नाम केवल भारत लिखेंगे, पढ़ेंगे, बोलेंगे। कहीं भी देश के नाम का जिक्र आए तो केवल भारत ही कहा, लिखा और पढ़ा जाएगा। जब हम स्वयं को इसके लिए तैयार कर लेंगे तो फिर न हमें सरकार से कोई अपेक्षा रहेगी और न किसी ओर से। किसी भी बड़े फैसले की शुरुआत स्वयं से ही की जानी चाहिए, तब ही हम दूसरों को इसके लिए तैयार कर पाएंगे। श्री माहेश्वरी टाइम्स इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता इन पंक्तियों के साथ ही शुरू कर रहा है। आपने महसूस किया होगा कि इन इबारतों में आपको केवल भारत पढ़ने को मिला है, कोई अन्य नाम नहीं। यही प्रयास आपको और आपके संपर्क के हर व्यक्ति को करना चाहिए, तभी हम इस आंदोलन को सफलता की मंजिल तक ले जा पाएंगे। तब हम अपनी सरकार को कह सकेंगे कि किसी भी सरकारी दस्तावेज में अब देश का नाम केवल भारत लिखा जाएगा, फिर भले ही दस्तावेज किसी भी भाषा में लिखा हो, देश का नाम भारत ही लिखा होगा। इस संकल्प के जो लोग, संस्थाएं समर्थक हैं वे हमें अपना संदेश भेज सकते हैं। ताकि आपका संकल्प दूसरों के लिए भी प्रेरणा बनें। हमें विश्वास है, देश का हर नागरिक इसके लिए संकल्पबद्ध होगा। इति।

अभा माहेश्वरी सेवा सदन के चुनाव इसी महीने होने जा रहे हैं। जैसा ही श्री माहेश्वरी टाइम्स का सदैव आग्रह रहा है कि समाज के किसी भी संस्थान, संस्था से जुड़े चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। हमने सदैव इस बात पर जोर दिया है कि ऐसे चुनावों में योग्य और अनुभवी व्यक्ति को पद सौंपना चाहिए। योग्य और अनुभवी ऐसे शब्द हैं जो सुनने में काफी भारी लगते हैं और भ्रमित भी करते हैं, इसका सीधा और सरल अर्थ यह है कि समाज के जिन व्यक्तियों को आपने परखा है और आपको विश्वास है वह समाज, संस्था के हित में काम करेंगे, ऐसे व्यक्ति को आप चुनें।

अभा माहेश्वरी मंहिला संगठन ने एक बार फिर अपना परचम फहराने की तैयारी की है। संगठन के कोटा महाधिवेशन की तैयारियों में जुटी संगठन की अध्यक्ष आशा माहेश्वरी के नेतृत्व में होने वाले इस महाधिवेशन से महिला संगठन नए संकल्पों के साथ उभरेगा, क्योंकि इस महाधिवेशन का प्रेरक शीर्षक ही **'शंखनाद 2022'** रखा गया है। महिला संगठन क्या नया शंखनाद करता है? इसका सभी को इंतजार है। समाज का यह ऐसा संगठन है जिसने महिलाओं को सदैव नई दिशा, होंसला और आगे बढ़ने का अवसर दिया है। यही कारण है कि महिला संगठन की अपनी अलग पहचान है।

अंत में अपनी बात... **'माहेश्वरी ऑफ द ईयर 2021'** का चयन किया जाना है। इसके लिए हम देशभर से समाजजनों से आग्रह करते हैं कि वे अपने सुझाव, नाम हमें भेज सकते हैं। इस अवार्ड के लिए चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। हम चाहते हैं अवार्ड के लिए समाज से ही योग्य विभूतियों के नाम आए ताकि चयन समिति को निर्णय लेने में आसानी होगी। मैनपुरी (उ.प्र.) के ख्यात समाजसेवी श्री सीताराम तापड़िया के देहावसान पर श्री माहेश्वरी टाइम्स परिवार विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

यह अंक हमेशा की तरह आपकी अपेक्षाओं के अनुरूप सभी स्थायी स्तंभों, रोचक व ज्ञानवर्द्धक आलेखों व अन्य पठनीय सामग्री को समाहित करते हुए पाठकों को समर्पित है। इस बारे में अपनी प्रतिक्रिया से अवश्य अवगत कराएं।



**पुष्कर बाहेती**
सम्पादक

## अतिथि सम्पादकीय

भाटापारा (छत्तीसगढ़) निवासी ख्यात समाजसेवी रामरतन मूंधड़ा का जन्म भाटापारा में स्वर्गीय श्री बद्रीनारायन मूंधड़ा व गंगा देवी मूंधड़ा के यहाँ 8 दिसंबर 1959 में हुआ था। गौ सेवा व समाज सेवा आप के संस्कारों में रची बसी है। वर्तमान में आप छत्तीसगढ़ प्रदेश महेश्वरी सभा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश पूरे देश में अखिल भारतीय कार्यक्रमों का सफल निष्पादन करने में सर्वश्रेष्ठ है, तो इसमें श्री मूंधड़ा के योगदानों को भी विशेष श्रेय दिया जाता है। बी.कॉम. व एम.कॉम. तक शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी आम स्वउद्यम से सम्बद्ध हैं। वर्तमान में आप नारायण उद्योग के नाम से पशुआहार निर्माता एवं विक्रेता के रूप में भाटपारा के व्यवसाय जगत में सक्रिय हैं। गुरूकुल स्कूल (सी.बी.एस.सी. बोर्ड से सम्बद्ध, का संचालन भी कर रहे हैं। समाज में श्री माहेश्वरी युवा मंडल, भाटापारा व जिला माहेश्वरी सभा रायपुर अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा, उपाध्यक्ष-छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी सभा, प्रदेश जनगणना प्रभारी-छत्तीसगढ़ माहेश्वरी सभा, अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ महेश सेवा निधि (अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा) आदि कई पदों पर रहे हैं। मैनेजिंग ट्रस्टी, श्री आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र के रूप में सतत योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही कई अन्य प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं से सम्बद्ध होकर भी सतत रूप से सेवा देते रहे हैं।



# समाज के विकास में बनें सहयोगी

**''खुशियों से भरा हो मन, आनंदित हो हर क्षण,**
**जगमग ज्योति से आलौकित हो जीवन का कण-कण''**

मंगलमय दीप पर्व पर यही भावनाएं हैं हमारी, यही शुभकामनाएं हैं हमारी। प्रभु ने हम सब को चंदन बनाया है। हम सब इस तन का उपयोग कितना सार्थक करते हैं, यह हमारे प्रयास पर है। भगवान ने हमारे शरीर का पूरा विकास समयबद्ध रूप से बराबर किया है, पर हमारी बुद्धि का विकास हम पर हमारे प्रयासों पर छोड़ दिया है। चंदन का उपयोग अंतिम संस्कार में चिता के साथ जलाने में भी होता है और हम उसी चंदन का उपयोग घिसकर अपने मस्तक को सुंदरता और शीतलता प्रदान करने के लिए भी करते हैं। वही चंदन परिष्कृत होकर इत्र के रूप में सभी को सुवासित भी करता है।

हम अपनी इस मानव देह का कितना अच्छा उपयोग अपने व अपने समाज और देश के उत्थान के लिए करते हैं, यह हमारे प्रयासों पर निर्भर है। हमारा मानना है ज्यादा पैसा, जल्दी पैसा व आसान पैसा नुकसान ही करता है। आज हमारी जरूरत समाज के उन परिवारों को ऊपर उठाने की है, जिनकी वार्षिक आय काफी कम है। हमारे अखिल भारतीय महासभा के माननीय सभापति श्री श्याम सोनी व महामंत्री श्री संदीप काबरा व उनकी पूरी टीम का पूरा प्रयास समाज के श्रंखला बद्ध संगठन के माध्यम से उन परिवारों तक पहुंचकर उनके विकास में समाज की विभिन्न योजनाओं व प्रधानमंत्री की विभिन्न योजनाओं व स्थानीय शासन की योजनाओं का लाभ लेकर उन्हें प्रोत्साहित कर उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाना है। उन्हें शिक्षित कर उनके विकास में सहभागी बनना है। हमारे पूर्वज व संस्कार हमेशा से कहते रहे हैं कि अपनी आय का एक आना या कम ज्यादा परमार्थ में लगाना चाहिए जिससे धन शुद्ध हो। इससे हम मातृभूमि के कर्ज से मुक्त होंगे।

हम अपने सभी दायित्व वान प्रबुद्ध समाजजनों से यह आशा करते हैं कि वे अपने परिवार के विकास के साथ-साथ अपने समय व पैसे का एक हिस्सा समाज व देश के विकास में जरूर देवें। हमारा पूरा भरोसा है, इतना सा करने भर से हमारे समाज का स्वरूप और भी सुदृढ़ व सुंदर होगा। समाज से हमेशा मिलता ही मिलता है, हम इस भ्रम में न रहें कि हमने समाज को कुछ दिया है। आप जितना भी समय देते हैं या नहीं देते हैं पर हमें समाज से सब कुछ मिलता ही है। देश हमें देता है, तो हम भी तो कुछ देना सीखें। सब कुछ हमारे भाव पर है, ''जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि''। अपनी बातों को विराम देते हुए यही भाव है कि ''जोत से जोत जगाते चलो प्रेम की गंगा बहाते चलो।'' मूल भाव समाजरूपी गंगा के माध्यम से समाज जन के उत्थान में सहभागी बने।

याद रखें समाज भी हमारा वृहद परिवार है और बिना परिवार के हम सुख तो ठीक अपनी पूर्ण समृद्धि की कल्पना भी नहीं कर सकते। अतः यदि सभी को साथ लेकर चलना है, तो हमें सभी को इतना समर्थ भी बनाना होगा कि सभी साथ-साथ चल सकें। अन्यथा जो कमजोर होगा वह तो पीछे छूट ही जायेगा। तो आईये हम संकल्प लें, अपने देश व अपने समाज के प्रति भी अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन का।

**रामरतन मूंधड़ा**
भाटापारा (छ.ग.)



# श्री ब्रह्माणी मुन्दल माताजी

टीम SMT

**ब्रह्माणी मुन्दल माताजी, माहेश्वरी जाति की मूंदड़ा खांप की कुलदेवी हैं। अपने विशिष्ट चमत्कारों के कारण क्षेत्र में प्रसिद्ध तो हैं ही साथ ही जाट समाज भी कुलदेवी के रूप में पूजता है।**

माताजी का प्राचीन मंदिर राजस्थान के नागौर जिले के ग्राम मुंदियाड़ में स्थित है। लाल वस्त्र धारण करने वाली स्वर्ण सिंहासन पर विराजित माताजी का यह मोहनी रूप है। यहाँ नारीयल, मेवा, लापसी, चाँवल तथा चूरमें का भोग लगता है। ऐसी मान्यता है कि भक्तिभाव पूर्वक पूजा करने से माताजी इच्छित फल प्रदान करती है। पूजन नियमित रूप से सुबह-शाम होती है। इस स्थल पर एक प्राचीन तालाब है, वहाँ लगे शिलालेख के अनुसार यह 6500 वर्ष पुराना है।

**विशेष आयोजन-** भादवा सुदी अष्टमी- कीर्तन व जागरण भादवा सुदी नवमी- महाप्रसादी व गजानन्दजी का भव्य मेला

**कैसे पहुँचें-** श्री ब्रह्माणी मुन्दल माताजी मंदिर नागौर से 25 कि.मी. दूर मुंदियाड ग्राम में स्थित है। जोधपुर-नागौर मार्ग पर नागौर से 8 कि.मी. पूर्व चिमरानी गाँव से पारासरा व बलायागाँव होते हुए सड़क मार्ग है। इसी मार्ग पर नागौर से 25 कि.मी. पूर्व भाखरोद गाँव से भी सिलगाँव होते हुए मार्ग है। नागौर से समय-समय पर बस उपलब्ध। किराये की जीप भी यहाँ से उपलब्ध हो जाती हैं।

**कहाँ ठहरें -** समीप गणेश मंदिर है। इस मंदिर में यात्रियों के ठहरने के लिये 6 कमरों की निःशुल्क व्यवस्था है।

## सकारात्मकता का संदेश दें



दीपावली पर्व की सभी स्वजनों को हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए सभी के मंगल की कामनाऐं। यह पर्व हमेशा से प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व रहा है। अंधकार अर्थात् नकारात्मकता तथा प्रकाश अर्थात् सकारात्कता। विगत 2 वर्षों से चली आ रही कोरोना की स्थितियों ने जो नकारात्मकता उत्पन्न की हमें उसे प्रकाश की तरह सकारात्मकता से पराजित करना है। अतः इस पावन अवसर पर आईये संकल्प लें स्वयं सकारात्मकता से ओतप्रोत रहने और दूसरों को भी सकारात्मकता का संदेश देने का।

**आनंद राठी**
**चेयरमेन, आनंद राठी ग्रुप,** मुंबई

## सभी का हो सर्वांगीण विकास



दीप पर्व की समस्त स्वजनों को बहुत-बहुत बधाई व सभी के सर्वांगीण विकास की कामनाऐं। माता महालक्ष्मी सिर्फ धन की नहीं बल्कि समृद्धि की देवी है। समृद्धि में धन के साथ स्वास्थ्य, परिवार, ज्ञान व संस्कार आदि समस्त सद्गुण भी शामिल हैं। इस पर्व के पावन अवसर पर हम लक्ष्मी पुत्र होने के सच्चे अर्थों को सार्थक करने का संकल्प लें और इन समस्त सद्गुणों को आत्मसात करें। याद रखें ये सद्गुण ही हमारे विकास की आधारशीला हैं, जिनके द्वारा हमारे पूर्वजों ने सफलता के सोपान लिखें।

**नेमीचंद तोषनीवाल**
**पूर्व अध्यक्ष, वृहत्तर प्रादेशिक माहेश्वरी सभा,** कोलकाता

## अपनत्व के महत्व को समझें



दीपावली महापर्व की सभी को शुभकामनाऐं तथा सभी के चहुँमुखी विकास की मंगलकामनाऐं। दीपावली पर्व हमेशा ही आता है और हम एक-दूसरे को शुभकामनाऐं भी देते रहे हैं। लेकिन यदि विगत एक दशक देखें तो हमारे प्रत्येक सम्पर्क व पर्व की भेंट सीमित होती चली गई और इसकी जगह सोश्यल मीडिया तथा मोबाईल ने ले ली। लेकिन जब हम कोरोना महामारी से जूझे तब हम समझे कि अपनों की आवश्यकता वास्तव में कितनी होती है। यह सिर्फ शुभकामना संदेश प्रेषित करने तक सीमित नहीं है। अतः जितना संभव हो अपनों के सम्पर्क में रहें और प्रत्यक्ष रूप से पर्व की बधाई दें।

**कमल गांधी**
**संरक्षक ''समन्वय''** कोलकाता

## विकास की ओर सतत बढ़े



इस महापर्व की सभी स्वजनों को शुभकामना देते हुए सभी के सर्वमंगल की कामना करता हूँ। गत दो वर्षों से कोरोना महामारी ने जो तांडव मचाया, उसने आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी हमारे सामने नकारात्मकता उत्पन्न कर दी थी। लेकिन याद रखें हमारा देश व हमारा समाज दोनों सदैव सकारात्मक रहे हैं। इसी का प्रमाण है कि वर्तमान में हमारे देश की औद्योगिक विकास दर विश्व में सर्वाधिक है। अतः यदि मन के किसी कोने में नकारात्मकता बची हो, तो उसे भी निकाल फेंकें और सकारात्मकता का स्वागत करते हुए पूर्ण प्रयासों के साथ विकास की ओर सतत् आगे बढ़ें।

**रामकुमार टावरी**
**पूर्व संयुक्त मंत्री, अ.भा. माहेश्वरी महासभा,** नई दिल्ली

# जनहित कार्यों से बने समाज के गौरव और राष्ट्र की प्रेरणा



# श्री आर.डी. बाहेती

को **86** वें जन्मदिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



**संस्थापक**

- हास्यम् क्लब
- लायन्स क्लब, जयपुर
- प्रथम सामूहिक विवाह के प्रणेता
- राजस्थान स्वास्थ्य योग परिषद

शुभेच्छू :
आर.डी.बाहेती चेरिटेबल ट्रस्ट
एवं
आर.डी.बी. ग्रुप ऑफ कम्पनी
के सभी सदस्य।

**संदेश-**
हंसिए और हंसाइए - कोरोना दूर भगाइए
हंसिए और हंसाइए - जीवन सुखी बनाइए

# नववर्ष आरंभ में महिला संगठन करेगा ''शंखनाद 2022''

## जनजागृति के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा राष्ट्रीय अधिवेशन का कोटा में आयोजन



**कोटा। अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नववर्ष में आगामी 7 से 9 जनवरी 2022 तक राष्ट्रीय अधिवेशन ''शंखनाद-2022'' का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में संगठन की भावी योजनाओं की रूपरेखा तो बनेगी ही साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में माहेश्वरी प्रतिभा के दर्शन भी होंगे तथा साथ ही विभिन्न सामाजिक विषयों पर जन जागृति भी उत्पन्न होगी।**

स्थानीय माहेश्वरी महिला संगठन संयोजन में आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न चिंतनीय सामाजिक विषयों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतियोगिताओं के रूप में होगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ 7 जनवरी को होगा तथा समापन कार्यक्रम के अंतिम दिवस 9 जनवरी को होगा। इनमें विभिन्न प्रादेशिक तथा आंचलिक संगठन भी अपनी प्रस्तुति देंगे। निर्णायक मंडल द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रतिभा प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया जाऐगा।

### इस तरह होगा ''प्रतिभा प्रदर्शन''

कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात 7 जनवरी को राजस्थान प्रदेश पदाधिकारियों के लिए क्विज कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके पश्चात गाय, गंगा, ग्राम, गीता व गोविंद विषय पर आंचलित नृत्य नाटिका का आयोजन होगा। इसी दिन विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में ब्रह्मकुमार बी.के.शिवानी के व्याख्यान, प्रादेशिक कवयित्री सम्मेलन तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। द्वितीय दिवस 8 जनवरी को प्रातः शोभायात्रा निकलेगी। इसके पश्चात कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ समारोहपूर्वक होगा। इसके पश्चात प्रादेशिक कार्यक्रम ''कौन बनेगा मणिकर्णिका'' तथा आंचलिक सांस्कृतिक कार्यक्रम ''अपनी संस्कृति अपनी धरोहर'' का आयोजन होगा। अंतिम दिवस 9 जनवरी को आंचलिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में ज्वलंत चिंतनीय सामाजिक विषयों पर आधारित लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति होगी। उक्त आयोजन प्रतियोगिता के रूप में होगा। पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह

कोरोना महामारी की विभीषिका के पश्चात् महिला संगठन का यह प्रथम प्रत्यक्ष वृहद आयोजन होगा। अतः इसे लेकर संगठन कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह है। देश भर से समस्त प्रादेशिक था आंचलिक संगठन से बढ़ी संख्या में पदाधिकारी तथा सदस्याऐं इस आयोजन में शामिल होंगी। इसमें आशा माहेश्वरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंजु बांगड़ राष्ट्रीय महामंत्री, ज्योति राठी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, शैला कलंत्री राष्ट्रीय संगठन मंत्री, अधिवेशन के उदघाटन सत्र में लोकसभा अध्यक्ष ओमकृष्ण बिरला, राजश्री बिरला, श्याम सोनी, राजकुमार काल्या, शांतिकुमार धारीवाल, रामपाल सोनी, अशोक सोमानी, श्रीकांत सोमानी, रामनिवास मानधनी, राजेश कृष्ण बिरला आदि का विशेष सान्निध्य प्राप्त होगा।


।। दीपों के पर्व दीपावली की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ ।।

Rahul Somany
98490 48000

Dharmendra Kalantri
94413 30440

Somany Sanitation

PROUD BNI MEMBER



Authorised Dealers for
❖ Somany Aquaware ❖ Somany Sanitaryware ❖Somany C.P. Fittings
❖ Somany Vitrified & Ceramic Wall & Floor Tiles
Digital Tiles, Complete Bathroom Fittings & Accessories

Sec-Bad Address:
5-4-78/1, Opp. Tvs Sundaram Motors,
M.G. Road, Ranigunj, Sec-Bad -500003
Ph. : 040-27545455, 66383940

Banjara Hills Address:
8-2-684/3/16
"Disha Banjara" Banjara Green Colony,
Road No. 12, Banjara Hills, Hyderabad

# एक कर्मयोगी को श्रद्धांजलि

एक सच्चे कर्मयोगी और अतुलनीय दूरदृष्टता का इस संसार से चला जाना एक अपूरणीय क्षति है। हमारे मार्गदर्शक व प्रसिद्ध समाजसेवी श्री द्वारकादास राठी 15 वर्ष पूर्व हमारे मने में अपनी अमिट याद छोड़कर अनन्त यात्रा पर चले गए। अनुकरणीय व्यक्तित्व श्री राठी ने पुरानी कहावत ''कार्य शब्दों से अधिक बोलता है'' को चरितार्थ करते हुए हमेशा अपनी मौन उपस्थिति दर्ज कराई। उनके न रहने के कारण जो अन्धकार छा गया है उसे हम उनके जीवन दर्शन के प्रकाश से दूर करने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे।



maheshwari.org
के संस्थापक
**श्री द्वारकादास राठी**
20.02.1959 - 28.10.2006


## लड़के-लड़कियों के रिश्ते ढूँढना हुआ बेहद आसान
## हमारी वेबसाइट है इसका सही समाधान

High Status,
Middle Status,
NRI, Manglik, Non Manglik,
Biodata MBA, MCA, Doctor,
Engg. Biodata, CA, CS,
ICWA Biodata




Graduate,
Post Graduate Biodata
Professional Biodata
Businessman Biodata
Service Class Biodata

**माहेश्वरी समाज के लिए**
**60 हजार से अधिक**

**जैन समाज के लिए**
**70 हजार से अधिक**

**अग्रवाल समाज के लिए**
**1 लाख से अधिक**

Registration Free

**Website**
**www.maheshwari.org**
**www.jain2jain.org**
**www.agrawal2agrawal.org**

Registration Free



## अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें-
39/1, Old Rajendra Nagar, New Delhi-110060
Phones :011-25746867, M. : 093129 46867

गत वर्ष दीपावली पर्व के बाद कोरोना के कारण प्रत्यक्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित नहीं हो पाऐ। इस बार इस महामारी से राहत मिलने के बाद कोरोना गाईडलाईन के अनुसार प्रत्यक्ष रूप से भी कई स्थानों पर सामूहिक रूप से ''दीपावली स्नेह मिलन समारोह'' का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों के साथ प्रतिभाओं का सम्मान हुआ तो सेवा गतिविधियों का भी सतत आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में छप्पन भोग का आयोजन भी हुआ।



# दीपावली के बाद भी ''स्नेह की मिठास''



▶▶ **उज्जैन।** श्री माहेश्वरी सभा महिला मंडल गोलामंडी द्वारा दिवाली मिलन समारोह हामू खेड़ी स्थित बिजासन माता मंदिर के प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर वहीं गरीब बस्ती में जाकर जरूरतमंद लोगों को कपड़े, स्वेटर, कंबल वितरण कर सब्जी पुड़ी बांटी गई। बिजासन मंदिर में बैठकर माताजी के भजन गाये गये व दिवाली पर आधारित गेम खिलाये गए। तत्पश्चात सहभोज के साथ दिवाली मिलन समारोह आनंद के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष हेमलता गांधी, सचिव मनोरमा मंडोवरा, शांता मंडोवरा, तेजूदेवी तोषनीवाल, सुधा बाहेती, उषा सोडानी, सीमा परवाल, ज्योति राठी, मनीषा राठी, पुष्पा मंत्री आदि मौजूद थीं।



▶▶ **बागोर।** माहेश्वरी महिला मंडल बागोर का दीपावली स्नेह मिलन समारोह स्थानीय माहेश्वरी भवन में संस्थापक अध्यक्ष कांता खटोड़ के सान्निध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जेईई एडवांस में ऑल इंडिया 6 रैंकर नमन निर्मल सोनी का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। महिला मंडल की पूर्व अध्यक्ष कांता खटोड़ एवम कलावती सेठिया का सेवा भाव के लिये सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ऋतु बाला सोनी, उपाध्यक्ष ज्योति देवपुरा, सचिव रिंकू सेठिया, विमला, मंजू, मधु, हेमा, रेखा लाड, रामप्यारी बाई सोनी, आदि महिला मंडल की सदस्यायें उपस्थित थीं। ओढव अहमदाबाद माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष शिल्पा सोनी भी इस गरिमामय समारोह में विशेष रूप से उपस्थित थीं।



▶▶ **इंदौर।** माहेश्वरी संस्कृति की पंचम सभा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव के रूप में संपन्न हुई। इस अवसर पर सदस्य बंधुओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर हिस्सा लिया। संयोजक मुनीश-किरण मालानी ने बताया कि उक्त सभा की अध्यक्षता अजय-अंजना माहेश्वरी ने की। प्रभारी आशीष-माधुरी गुप्ता, मनीष-कल्पना जाखेटिया, डॉ. विवेक-डॉ. सुनीता मालानी, अनिल-किरण डागा, मनीष-अर्चना सोमानी आदि सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



▶▶ **नागदा।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन माहेश्वरी भवन में किया गया। इस मौके पर संस्थाध्यक्ष प्रीति मालपानी ने बधाई संदेश के साथ मंडल की भावी गतिविधियों की जानकारी दी। दीपावली पर आधारित मनोरंजक गेम और तंबोला का महिलाओ ने आनंद लिया। तत्पश्चात सहभोज आयोजित हुआ। इस मौके पर सचिव सीमा लड्ढा, जिला सचिव सीमा मालपानी, अनिता राठी, उमा डांगरा, ज्योति गगरानी, उषा राठी, अंजू आगीवाल, रिषिता खटोड़, श्रुति मोहता, वर्षा झंवर, सरोज राठी, रेखा राठी, पायल सर्राफ, निकी राठी, सुरभि राठी, शीला मोहता, माधुरी भूतड़ा, सपना मालपानी, संगीता सोडानी आदि कई महिलाएं उपस्थित थीं।



▶▶ **उदयपुर।** महेश माहेश्वरी सोसायटी उदयपुर के दीपावली मिलन समारोह-2021 का आयोजन गत 13 नवंबर को 200 से अधिक समाजजनों के सान्निध्य में एकलिंग पार्क सामुदायिक केंद्र माछला मगरा में हुआ। प्रचार प्रसार मंत्री गौतम सोमानी ने बताया कि मुख्य अतिथि ओमप्रकाश आसावा (समाजसेवी व सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखाधिकारी RHB जयपुर) तथा विशिष्ट अतिथि सीए हितेश-पूनम भदादा एवं समाजसेवी विमला देवी मंत्री थी। अध्यक्ष कैलाश कालानी, सचिव बृज गोपाल चांडक, कोषाध्यक्ष दिनेश मूथा, संगठन मंत्री मुकेश मुंदड़ा एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का अभिनंदन किया। अध्यक्ष कैलाश कालानी ने बताया कि इस समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर विजेताओं के साथ समारोह में समाज के भामाशाह एवं जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर माहेश्वरी समाज के लिए सेवाएं देने वाले समाजजनों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सोसायटी के उपाध्यक्ष रमेशचंद्र मूंदड़ा, संगठन मंत्री मुकेश मूंदड़ा, आयोजन मंत्री दिनेश चंद्र तोषनीवाल, सांस्कृतिक मंत्री राकेश लड्ढा, प्रचार प्रसार मंत्री गौतम सोमानी, सूचना संकलन मंत्री निर्मल राठी, सलाहकार, योगेंद्र देवपुरा, पूर्व अध्यक्ष इंद्र लाल मंडोवरा आदि उपस्थित थे। स्नेहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




▶▶ **कोलकाता।** दीपावली के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी माहेश्वरी सभा द्वारा अपनी शाखा एवं संबंधित संस्थाओं के सहयोग से प्रीति सम्मेलन का आयोजन स्थानीय माहेश्वरी भवन के सभागार में किया गया। समारोह की अध्यक्षता उद्योगपति एवं विशिष्ट समाजसेवी बालकिशन सारडा ने की और विशिष्ठ अतिथि उद्योगपति एवं समाज चिंतक योगेन्द्र बिहानी थे। सभा के मंत्री पुरुषोत्तम दास मूंधड़ा ने सभा की गतिविधियों की जानकारी देते हुऐ बताया कि सभा द्वारा इस वर्ष दीपावली के पावन पर्व पर समाज के 139 जरूरतमंद परिवारों को प्रति परिवार 5000 रुपये की हर्षोल्लास राशि प्रदान की गई। समाज के जरूरतमंद परिवारों को प्रत्येक मास 1000 रुपये का राशन दिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। सभा के सभापति पुरुषोत्तमदास मिमानी ने सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।



▶▶ **भीलवाड़ा।** गुलाबबाग माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा ''दीपोत्सव-सुरों की दीपावली''एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन पाट व्यवसायी भवन में किया गया। पूर्णिया अंचल मीडिया प्रभारी राज कुमार लढ़ा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्धघाटन माहेश्वरी सभा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य लक्ष्मीनारायण बजाज, सभा के अध्यक्ष प्रदीप सारदा, प्रदेश युवा संगठन अध्यक्ष सुमित लोहिया एवं राजकुमार मालपानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन युवा अध्यक्ष गोविंद लोहिया ने किया। कार्यक्रम शाम शुरू हुआ। 15 प्रतिभागियों ने इस संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी ने शानदार प्रस्तुति दी। महिला मंडल द्वारा रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गईं। इसमें 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन युवा संगठन सचिव अरविंद बजाज ने दिया। इस कार्यक्रम के स्पॉन्सर विनय कुमार राजकुमार मालपानी थे।

▶▶ **बेंगलुरू।** माहेश्वरी सभा ने समाज के परिवारों के लिए दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष नवलकिशोर मालू, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्षा कांता काबरा, माहेश्वरी युवा संघ अध्यक्ष अरविंद लोया, माहेश्वरी फाउंडेशन के चेयरमेन राजगोपाल भूतड़ा, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी गोपालदास इन्नानी, माहेश्वरी सौहार्द क्रेडिट को-ऑपरेटिव लिमिटेड के अध्यक्ष नंदकिशोर मालू, वरिष्ठ सदस्य आशाराम सारडा, विजयकुमार साबू ने भगवान महेश का पूजन कर दीप प्रज्जवलन किया। प्रतिभा व विशिष्ट उपलब्धि कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. दीपिका सोमाणी को यूपीएससी की परीक्षा में देश में 30 वां स्थान प्राप्त करने पर नर नारायण माहेश्वरी ने सम्मानित किया। रूपाली काबरा को एक घंटे में सबसे अधिक सूर्य नमस्कार ओर विश्व कीर्तिमान स्थापित करने के लिए श्याम सुंदर रांधड़ ने सम्मानित किया। अक्षित मारू को भारतीय फुटबॉल टीम से अंडर 20 विश्व कप में खेलने के लिए रतन बियाणी ने सम्मानित किया। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं में विज्ञान में टॉपर दिया गिल्डा मुथा तथा वाणिज्य एवं कला में टॉपर अंजलि माहेश्वरी को माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया।

*जो अच्छा लगता है उसे गौर से मत देखो,*
*ऐसा न हो कोई बुराई निकल आए...*
*जो बुरा लगता है उसे गौर से देखो,*
*मुमकिन है कोई अच्छाई नजर आ जाये...*



**हैदराबाद।** श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल चप्पल बाज़ार द्वारा 14 नवंबर को दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भरत जाजू ने बताया कि मंडल के अध्यक्ष कैलाश काबरा ने सभी का दीवाली अभिनंदन किया। आयोजित सम्मान समारोह में अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन के दक्षिणांचल के उपाध्यक्ष बने रूपेश सोनी का सम्मान भरत जाजू और श्यामसुंदर मोदानी ने किया। राजस्थानी स्थानक संध के अध्यक्ष बनने पर प्रकाशनारायण राठी का सम्मान रतनलाल जाजू ने किया। राजस्थानी स्थानक संध के कार्यकारिणी सदस्य बनने पर प्रदीप चांडक का सम्मान कैलाश काबरा ने और महेश असावा का सम्मान रामेश्वर जाजू ने किया। सांस्कृतिक नृत्य में आँचल जाजू और कनक कांकाणी ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अमर जाजू ने किया। बाल दिवस के अवसर पर आए हुए सभी बच्चों को विशेष उपहार दिए गए। धन्यवाद ज्ञापन श्यामसुंदर मोदानी ने किया। अंत में भोज की व्यवस्था की गई। कैलाश काबरा, भरत जाजू, प्रदीप चाण्डक, प्रकाश नारायण राठी, श्यामसुन्दर राठी, सुरेश बंग, वेणुगोपाल बंग, श्याम मोदानी, जगदीश काकाणी, आनंद भराडिया आदि कई गणमान्यजन उपस्थित थे।



**वरंगल।** स्थानीय माहेश्वरी समाज के दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन गत 6 नवंबर को किया गया। मुख्य अतिथि रमेश परताणी, अंतराष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रबंधन प्रशिक्षक, हैदराबाद थे। श्री परताणी ने इफेक्टिव पेरेंटिंग स्किल्स विषय पर 2 घंटे तक संबोधन दिया। श्री परताणी एवं उनके सहयोगियों द्वारा अगले दिन 40 लड़के-लड़कियों का ब्रेन मैपिंग टेस्ट किया गया और उन बच्चों के माता पिता को उनके बारे में काउंसिलिंग भी दी गई। मंच पर ते. आंध्र. मा. स. के उपाध्यक्ष गोपीकिशन लाहोटी, अ.भा.मा.म.स के कार्यकारी सदस्य श्यामसुंदर जाखोटिया, प्रगतिशील मारवाडी समाज के अध्यक्ष वेणुगोपाल मुंदडा, माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्षा माधुरी लाहोटी उपस्थित थीं। इस आयोजन में समाज के 70 वर्षीय वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। तत्पश्चात समाज के प्रतिभावान छात्र व छात्राओं का सम्मान किया गया। सभी के मनोरंजन के लिए महा सोना-चांदी तंबोला खिलाया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था रखी गई। यह आयोजन माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रमेशचंद बंग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मंच संचालन मंत्री नवल किशोर मणियार एवं डॉ. विष्णुकुमार बल्दवा ने किया।



**निजामाबाद।** जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह सम्मेलन 7 नवंबर को स्थानीय माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के दक्षिणांचल उप सचिव सुरेंद्र मानधणी, विशेष अतिथि के रूप में महेश बैंक, वाइस चेयरमैन लक्ष्मी नारायण राठी एवं अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी युवा संगठन के दक्षिणांचल उपाध्यक्ष रुपेश सोनी, सम्मानीय अतिथि के रूप में स्थानीय ऑर्थो सर्जन डॉक्टर नवीन मालु ने कार्यक्रम में भाग लिया। जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कुंज बिहारी मूंदड़ा, मंत्री राजेश कुमार डालिया, माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्षा पुष्पा सोमानी, जिला माहेश्वरी युवा संगठन अध्यक्ष श्रीकांत झंवर ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठजनों तथाा समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया।



**जोधपुर।** श्री माहेश्वरी समाज समिति पश्चिमी क्षेत्र कमला नेहरू नगर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन क्षेत्रीय माहेश्वरी भवन में किया गया। मीडिया प्रभारी राजेंद्र भूतडा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. महावीर प्रसाद भूतड़ा, शिक्षाविद एवं समाजसेवी तथा विशिष्ट अतिथि जगदीश प्रसाद बजाज, उद्योगपति एवं विशिष्ट समाजसेवी थे। समिति के अध्यक्ष पुखराज फोफलिया ने भवन में कराए गए विकास कार्यों एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक नीरज मूंदड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में दिलीप लाहोटी सह सचिव राजेंद्र कुमार मंत्री, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र भूतड़ा, उपाध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के विभिन्न सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

*अहंकार उसी को होता है,*
*जिसे बिना संघर्ष सब प्राप्त होता है...*
*जिसने अपनी मेहनत से हासिल किया है,*
*वही दूसरों की मेहनत की क़दर कर सकता है...*



▸▸ **वर्धा।** स्थानीय महिला मंडल द्वारा भव्य स्तर पर बालदिवस एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षा दीपा गोविंद टावरी व कु. राधा चितलांगे के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न चरित्रों में फैंसी ड्रेस में बच्चों ने अपनी कला एवं बुद्धिमत्ता के बल पर विभिन्न चरित्र प्रस्तुत किए। इस प्रसंग पर बाल लेखक ''अनय अमित टावरी'' जो की कक्षा आठवीं के छात्र है और जिनका एक कहानी संग्रह हाल ही में प्रकाशित हुआ है, का सत्कार भी किया गया। नई बहुओं का भी सम्मान किया गया। एकता पनपालिया, ममता तापड़िया, हर्षा टावरी, रेणु टावरी, ललिता राठी, नम्रता राठी, सोनल गांधी, नेहा भूतड़ा आदि समस्त सदस्याओं ने सहयोग दिया।



▸▸ **रांची।** श्री माहेश्वरी सभा द्वारा दीपावली मिलन सह अन्नकूट महोत्सव का आयोजन स्थानीय माहेश्वरी भवन एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर में किया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी राजकुमार लढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष शिव शंकर साबू, सचिव नरेन्द्र लाखोटिया, महिला समिति अध्यक्षा विजयश्री साबू, सचिव अनिता साबू, युवा संगठन अध्यक्ष सौरभ साबू एवं सचिव अंकुर डागा द्वारा स्व. श्री गणेश नारायण साबू की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया। बिभोर डागा, मनोज काबरा, मुकेश काबरा इत्यादि भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी। पूर्व मंत्री सह विधायक चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, राँची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव ललित पोद्दार, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष प्रदीप राजगढिया, माहेश्वरी सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पवन मंत्री आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे।



▸▸ **इंदौर।** माहेश्वरी फ्रेन्डस ग्रुप का दीपावली मिलन समारोह ग्रुप के सदस्य दम्पत्तियों ने मनाया। इसके पश्चात फिल्मी गाने पर तंबोला खेला गया। ग्रुप के संरक्षक सदस्य सुरेश जमना राठी ने 2022 अध्यक्ष पद के लिए सूर्यप्रकाश-संतोष झंवर एवं सचिव पद के लिए भरत-सावित्री भट्टड़ के सर्वसम्मति से चयन की घोषणा की। इस दीवाली मिलन समारोह में सावित्री राठी, सम्पत कुमार राधा साबू, सुभाष हेमलता भट्टड़, तरूण रचना तापड़िया, कैलाश गीता सोमानी सहित बड़ी संख्या में ग्रुप सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ग्रुप के प्रचार मंत्री सम्पत कुमार साबू ने दी ने दी।



▸▸ **इन्दौर।** इन्दौर जिला माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम स्थानीय जाजू सभागृह में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अन्नू माहेश्वरी व सीमा रणधर थीं। संस्था अध्यक्ष सुमन सारड़ा ने बताया कि इसी कार्यक्रम में संस्था की प्रथम नेतृत्वकर्ता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्रीमती राधादेवी आजाद (झंवर, पसारी) का सम्मान भी किया गया। श्रीमती राधादेवी की स्मृति में हाल ही में डाक टिकिट भी जारी हुआ है।

लखानी परिवार,
मलकापुर

इंडियनऑयल
Trust of Generations

रचना गॅस ॲन्ड अप्लायसेंस

ईण्डेन डिस्ट्रब्युटर, लखानी इस्टेट, नांदुरा रोड, मलकापुर-443101
फोन (07267)222025, 222525

# नेशनल कांफ्रेंस में सोमानी



**नईदिल्ली।** ''सरकार के मुखिया के रूप में नरेंद्र मोदीजी के दो दशक'' कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 27से 29 अक्टूबर तक किया गया। इस कार्यक्रम में अमित शाह गृहमंत्री, राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, चीफ इकोनामिक एडवाइजर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डॉ. राजीव कुमार वाइस चेयरमैन नीति आयोग आदि कई गणमान्यजनों ने अपने विचार रखें। ऐसे सीमित कार्यक्रम में पुरुषोत्तम सोमानी निजामाबाद (समाजसेवी व आदित्य विक्रम बिरला व्यापार सहयोग केंद्र के कोषाध्यक्ष) को भी आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में पधारे के. सुब्रमण्यम चीफ इकोनामिक एडवाइजर गवर्नमेंट ऑफ इंडिया से मिलकर निवेदन पर दवाइयों पर ट्रेड मार्जिन कैप लगाकर 90% तक दवाइयां सस्ती करने का उन्हें आश्वासन मिला। उल्लेखनीय है कि श्री सोमानी लगातार 3 वर्षों से दवाइयां सस्ती कराने के लिए प्रयत्नशील है। उन्हें इसमें सफलता भी मिली है। कैंसर की दवा व शुगर की दवाइयां 90% तक सस्ती हुई है।






# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिये रैली



**जायस (अमेठी)।** पंकज माहेश्वरी स्मृति महाविद्यालय,जायस (अमेठी) के छात्र छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ, अच्छी शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत मिशन ''शक्ति'' के लिये एक जागरूकता रैली हनुमान दल मैदान से निकाली गई। इसे समाज सेवी वा भाजपा के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम माहेश्वरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूरे नगर के भ्रमण के बाद रामलीला मैदान हनुमान दल के सभागार मे मिशन शक्ति पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। प्रबंधक मनोज माहेश्वरी ने भी सम्बोधित किया। प्राचार्य डॉक्टर विजय शंकर मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

# सर्जन ऑफ इंडिया में डॉ. भूतड़ा



**अजमेर।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, अजमेर के कार्यवाहक अधीक्षक एवं सर्जरी विभाग के वरिष्ठ आचार्य सर्जन डॉ. श्याम भूतड़ा ने सोमवार रात ''सर्जन ऑफ इंडिया'' की राष्ट्रीय कार्यसमिति के चुनाव में भारी मतों से जीत दर्ज की है। सर्जन ऑफ इंडिया एसोसिएशन भारत के शीर्ष सर्जन विशेषज्ञों की संस्था है। इस एसोसिएशन से देशभर के सर्जन विशेषज्ञ जुड़े हुए हैं। संस्था के सदस्यों के लिए चुनाव ऑनलाइन करवाए गए थे। यह चुनाव त्रिवार्षिक होते हैं।

## खरी-खरी

सुख में जो न हुआ आह्लादित
और न दुःख में विह्वल है

कहता है, प्रभु जो देते हैं
अपने कर्मों का फल है

ऐसे स्थितप्रज्ञ, आस्थावान
परम् संतोषी और'

निर्मल मन वाले को प्रायः
सब कहते हैं पागल है.



© राजेन्द्र गट्टानी, भोपाल
94250-16939, 87702-21707

# ORIENT PRESS LIMITED

An ISO 9001:2015 Company



FLEXIBLE DIVISION



CARTON PACKAGING

AWARDS



AWARDS

**Head office:** 1101 and 1102, "G" Wing, 11th Floor, Lotus Corporate Park, Off: Western Express Highway, Goregaon (East), Mumbai 400063, Maharashtra, INDIA. Tel.(Board): +91(022) 42977310

: FACTORIES :

- **Tarapur :** L-31, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
  G-73, MIDC, Tarapur Industrial Area, Boisar - 401 506, Dist. Palghar, Maharashtra
- **Silvassa :** Survey No. 297/1-P, Dongarpada, Village Sayali, Silvassa - 396 240 (D & N.H.).
- **Noida :** Plot No. 103, Ecotech Extension - 1, Dist. Gautam Budh Nagar, Greater Noida, U.P.
- **Mumbai :** Unit No. 28, Pragati Industrial Estate, N.M. Joshi Marg, Mumbai-400 011.

Email : flexible@orientpressltd.com  Web : www.orientpressltd.com

# शिक्षण विकास संस्था का वार्षिक कार्यक्रम



**नांदेड।** जिला माहेश्वरी समाज के शैक्षणिक उत्थान के लिए विगत 13 वर्षों से लगातार प्रयत्नरत हरिकिशन बजाज मेमोरियल माहेश्वरी शिक्षण विकास संस्था का 14 वां वार्षिक कार्यक्रम गत 24 अक्टूबर 2021 को स्थानीय माहेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज के अनेक जरूरतमंद विद्यार्थियों एवं युवाओं को शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग किया गया। इस समय 13 युवाओं को विद्या देवी हरिकिशनजी लोहिया रजत पदक एवं विनय संजय कुमार करवा को शैक्षणिक क्षेत्र में असामान्य उपलब्धियों के लिए एडवोकेट मदनलालजी राठी एवं शुभम भकड़ स्मृति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। साथ ही स्व. शिवलालजी गोकुलदासजी राठी निबंध लेखन प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष गोपाललाल लोया, सचिव किशनप्रसाद दरक, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मूंदड़ा, कोषाध्यक्ष सीए प्रकाश गट्टानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश इन्नानी, सह सचिव रमेश डागा, संचालक रामप्रसाद मूंदड़ा, हरिदास भट्टड, संजयकुमार सारडा, डॉ. लक्ष्मीकांत बजाज आदि कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

# वैभव स्पेन रवाना



**शहर।** ख्यात वास्तु विशेषज्ञ के.सी.आर. तोषनीवाल के सुपुत्र वैभव स्पेन के बर्सिलोन से आर्किटेक्चर में आईएएसी इंस्टिट्यूट से स्नातकोत्तर करेंगे। इसके लिये वे गत दिनों स्पेन रवाना हुए।

# सेवा सदन पुष्कर के चुनाव 9 जनवरी को

**पुष्कर।** श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन, पुष्कर की प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक गत 10 नवम्बर को सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 09 जनवरी, 2022 को सेवा-सदन की प्रबन्धकारिणी (पदाधिकारियों) के चुनाव सम्पन्न करवाने का निर्णय लिया गया। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाने हेतु किशनगोपाल कोगटा (बिजयनगर) को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। उक्त जानकारी रमेशचंद्र छापरवाल महामंत्री श्री अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन ने दी।


Jagdish Nawandar
99221 85678
94222 85678

Apeksha Medical Stores

In from of Natraj Garden,
Khamgaon-444303, Dist. Buldhana (Mh.)
Ph. 07263-253132, 253536
E-mail : jhn_apeksha@rediffmail.com

Navandar Marketing

(Quality Paper Napkin Manufacturer)

Sanket Nawandar

Call : +91 99 2218 6789
Raigad Colony Road, Near Chentami,
Ganpati Mandir, Mukund Nagar,
Khamgaon-444303, Dist. Buldana.
E-mail : navandarmarketings@gmail.com

राठी पेडेवाला Since 1985

कॅटरींग :- हर तरह की पार्टी के लिये कॅटरींग सर्विसेस उपलब्ध है। राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, महाराष्ट्रीयन, साऊथ इंडियन, कॉन्टीनेंटल, चायनीज,इटालियन, सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ ऑर्डर के अनुसार मिलेंगे

रेस्टॉरेन्ट :- शुद्ध शाकाहारी रेस्टॉरेन्ट

मिठाई :- ड्रायफ्रुट, घी, मावा, बंगाली, हर तरह की मिठाईयॉं उपलब्ध है

नमकीन :- विभिन्न प्रकार के सेव, चिवडा, फरसाण उपलब्ध है

बेकरी प्रोडक्टस :- ब्रेड, टोस्ट, कुकीज, खारी, केक उपलब्ध है





Add :- केडीया प्लॉट, कॉन्व्हेंट रोड, अकोला
Ph. :- 0724-2450049 मोबाईल नं. 9423428592, 9960298650
Email :- rathipedewala@gmail.com
Website :- www.rathipedewala.com

कृष्णकुमार राठी जगदीश राठी गिरीराज राठी महेश राठी

# बागडी का नाम ग्लोबल एचीवर्स में शामिल



**नागपुर।** गिनिज वर्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर डॉ. तिलक तनवर के सहयोग से ग्लोबल एचिवर्स न्यूज 47 मिडिया, फोर्ब्स मैगजीन, टीचाट.काम, आँल इंडिया रेडियो व ग्लोबल अचिवर्स मैगजीन द्वारा '100 इंस्पायरिंग इंडियंस' सूची पुस्तक में महाराष्ट्र से लेखक, चिंतक, समाज सुधारक वरिष्ठ समाज सेवी शरद गोपीदासजी बागडी का शामिल किया गया है। इस पुस्तक में देश भर के समाज सेवा, मेडिकल, खेलकूद, साहित्य, सेना, आदि सभी क्षेत्रों के दिग्गजों का नाम शामिल किया जा रहा है। नोबल पुरस्कार विजेता डॉ. कैलाश सत्यार्थी, दुनिया के एकमेव 'आयरनमैन' खिताब प्राप्त मेजर जनरल विक्रमदेव डोगरा, अनेक राष्ट्रपतियों द्वारा संम्मानित पद्मश्री डॉ. विजय शाह, भारतीय वायुसेना की 'प्रथम महिला ऐयर मार्शल' पद्मावती बंधोपाध्याय, सात बार माउंट एवरेस्ट चढने वाले पद्मश्री लवेराजसिंग, पदमश्री अनिल प्रकाश जोशी, आदि गणमान्य विभुतियों के साथ महाराष्ट्र नागपुर से कई अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त संम्मानित लेखक, चिंतक, सुधारक, समाज सेवी शरद गोपीदासजी बागडी का नाम भी शामिल किया गया है। 'ग्लोबल अचिवर्स मैगजीन,दिल्ली' के राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय संस्करणों मे के जुलाई अंक मे कवर पेज पर फोटोज के साथ शरद बागडी का परिचय विशेष रूप से छापा गया है। न्यूज 47 मिडिया, ग्लोबल अचिवर्स, आर्ट प्राडक्शन, ऑल इंडिया रेडियो, एफ.एम दिल्ली द्वारा शरद बागडी का साक्षात्कार प्रसारित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री बागडी 'वर्ड कान्सटिट्युशन एंड पार्लियामेंट असोसियेशन, यू. एस. ए.' के सदस्य हैं तथा आपको अपने लेखन, समाज सेवा के लिए अनेक प्रदेशों के राज्यपालों, अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्रियो, 219 सामाजिक, व्यवासायिक, राजनीतिक संस्थाओं द्वारा संम्मानित किया गया है। भारतीय डाक विभाग द्वारा शरद बागडी का डाक टिकट भी पूना में जनवरी 2021 को निकाला गया था।

# महिला मण्डल व युवा मंच के चुनाव सम्पन्न



**भीलवाड़ा।** मरूधरा माहेश्वरी संस्थान महिला मण्डल व युवा मंच के चुनाव काशीपुरी माहेश्वरी भवन में चुनाव अधिकारी राधेश्याम सोमाणी व महेश जाजू द्वारा सम्पन्न कराये गये। सचिव दिनेश राठी ने बताया कि सर्वसम्मति से महिला मण्डल अध्यक्ष पद पर प्रतिमा सारड़ा व युवा मंच अध्यक्ष पद पर डॉ. मनु माहेश्वरी निर्विरोध चुनी गयीं। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष राजेन्द्र दम्माणी, दामोदर सिंघी, रामकुमार बाहेती, राजेश बियाणी, भवानी कोठारी, सीमा जेठा, प्रिया मून्दड़ा, राजेश बाहेती, विनय मून्दड़ा, मधुसुदन डागा, अभिषेक सोमाणी, महादेव बाहेती, भैरूदान बजाज, नन्दकिशोर बाहेती व कुंज बिहार चाण्डक आदि उपस्थित थे।

# ज्योति महिला मंडल की नई कार्यकारिणी



अर्चना बिंझानी



स्वाति सांवल

**नागपुर।** कठिन कोरोना कॉल के बाद नई ऊर्जा से सामाजिक कार्यों को गति देने के लिए अग्रसर ज्योति महिला मंडल की नई कार्यकारिणी गठित की गई है। इसमें संस्थापक अध्यक्ष शोभा सुरजन के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से अर्चना बिंझानी को अध्यक्ष और स्वाति सांवल को सचिव मनोनीत किया गया। इंदिरा सावल सलाहकार समिति में रहेगी। उपाध्यक्ष कीर्ति भैया व कल्पना मोहता, कोषाध्यक्ष पुष्प लता टावरी, सह सचिव ज्योति भूतड़ा के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीप्ति बिंझानी, किरण राठी, संगीता भट्टड़, रचना सावल, रेखा मोकाती, लीना चांडक, दीप्ति सांवल, पूजा गोयदानी आदि का भी मनोनयन हुआ।


## अहिंसा अर्बन को ऑप. क्रेडीट सोसायटी मर्या.

मलकापूर, रजि. नं. 1243

नेमाणे कॉम्पलेक्स, बी.जी.टी.आय रोड, मलकापूर-443101 फोन - (07267) 227315

**वैशिष्ट्ये**
अहिंसा ठेव योजना
फक्त 84 महीन्यात दाम दुप्पट
संस्थेच्या ठेविवरील आकर्षक ब्याज दर

**मुदती ठेव**
**हमारे देश के आजाद होने के पूर्व अंग्रेजी शासनकाल में इसका नाम इंडिया था। 15 अगस्त सन् 1947 में देश आजाद हुआ तबसे हम इसका नाम हिन्दी में ''भारत'' कर चुके हैं। इसके बावजूद अंग्रेजी में आज भी हमारे देश का नाम ''इंडिया'' ही है। अतः हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में देश के दो नाम हो गये हैं। ऐसे में अब आवाज उठने लगी है कि जब देश आजाद हो गया है तो क्यों न इसका नाम अंग्रेजी में भी ''भारत'' ही किया जाऐ। ऐसे में यह विषय विचारणीय हो गया है कि ''भारत'' सिर्फ भारत रहे या ''इंडिया'' भी? आइये जानें इस स्तम्भ की प्रभारी सुमिता मूंदड़ा तथा समाज के प्रबुद्धजनों के विचार।**

# 'भारत' सिर्फ भारत रहे या इंडिया



## भारत तो सिर्फ भारत ही है

भारत को तो केवल 'भारत' ही बोलना चाहिए, हम इंडिया क्यों बोलें? हमारे देश का नाम हजारों सालों से भारत ही रहा है। ''मैं भारत हूं फाउंडेशन'' जो आज अंतरराष्ट्रीय संस्था बन चुकी है, उनके विचारों व कार्यों का मैं सम्मान करता हूं और आशीर्वाद देता हूं कि वे अपने इस राष्ट्रीय नैतिक अभियान में सफल हों। ताकि विश्व में भारत को केवल 'भारत' ही बोला जा सके क्योंकि मेरे देश का नाम हजारों सालों से 'भारत' ही रहा है, अब तो केवल 'भारत' ही रहे। शुभ आशीर्वाद!

■ **पू. स्वामी श्री गोविंद देव गिरिजी**



## इंडिया पिछड़ेपन का पर्याय

सनातन भारत और उसकी पुराण सभ्यता से हम सब ही परिचित हैं। अंकगणना, ज्योतिष विद्या, आयुर्वेद, योग, प्राणायाम, सौर मंडल का ज्ञान, क्या नहीं दिया विश्व को भारत ने? लेकिन आज जब हमें ये पता चलता है कि चालकी से थोपे गए इंडिया नाम का कैम्ब्रिज डिक्शनरी में अर्थ है, पिछड़े वर्ग के लोग, तो अपमानजनक लगा। विश्व गुरु भारत पर करीब 200 वर्ष शासन कर दासत्व के अर्थ वाला नाम छोड़कर अंग्रेज चले गए। आज भी प्रमाणित है कि ग्रीक और रोम से विद्यार्थी चाणक्य, द्वारा स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय पढ़ने आते थे, लेकिन हमें फिर भी पिछड़ा समझ रहे हैं। जागो भारतीय ''मैं भारत हूं फाउंडेशन'' के माध्यम से आपका आह्वान करती हूँ कि अपनी युवा पीढ़ी को इस बात से सतर्क करें।

■ **शोभा सादानी,** कोलकाता
राष्ट्रीय महामंत्री, मैं भारत हूँ फाउण्डेशन



## गुलामी का प्रतीक है ''इंडिया''

वास्तव में देखा जाए तो हमारे देश का मूल नाम ही भारत है, ''इंडिया'' नहीं। ''इंडिया'' नाम तो अंग्रेजों ने इसे दिया था। वर्तमान में हमारे देश को स्वतंत्र हुए एक अरसा हो चुका है, फिर भी यदि हम ''इंडिया'' नाम को गुलामी के प्रतीक के रूप में ढो रहे हैं, तो यह हमारा सिर्फ ''दुर्भाग्य'' ही है और निष्क्रियता। अतः चाहे हिन्दी हो या अंग्रेजी हमारे देश का नाम तो सिर्फ और सिर्फ ''भारत'' ही होना चाहिये।

■ **श्याम जाजू,** दिल्ली।
पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा



## भारत बोलें, गौरवान्वित अनुभव करें

'भारत को भारत ही बोला जाए', यह प्रकल्प देशवासियों को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का अभियान है। सम्पूर्ण विश्व मे केवल हमारा देश ही ऐसा है जिसे कई नामों से जाना जाता है। कोई हिन्दुस्तान कहता है तो कोई इंडिया बोलता है। हर नाम के साथ देश के प्रति द्रष्टिकोण और पहचान बदल जाती है। अतः एक राष्ट्र-एक नाम की संकल्पना से 'मैं भारत हूं' अभियान की संरचना की गई है। देशवासियों को जागृत किया जा रहा है कि किसी से भी मिलें तो ''जय भारत'' कहकर अभिवादन करें। यह परिवर्तन की एक छोटी कड़ी है लेकिन आपको अपने इस अभिवादन पर गौरव अवश्य होगा। ''मैं भारत हूं'' फाउण्डेशन के माध्यम से हमारा सतत प्रयास है कि अधिक से अधिक देशवासियों को इस संदेश से जोड़ा जाए और भारत को केवल भारत ही बोला जाए। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से भी यह मांग की जा रही है कि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में एक ऐसा प्रस्ताव पास किया जाए, जिसमें भारत को केवल भारत ही बोला जाए, एक राष्ट्र-एक नाम का ध्येय हो। इंडिया, हिन्दुस्तान नहीं, सिर्फ भारत ही बोला जाए। हमे पूर्ण विश्वास है कि हम शीघ्र ही अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे। आप सभी से भी पुनः निवेदन है कि एक राष्ट्र-एक नाम की भावना से जुड़कर भारत को भारत ही बोलें। जय भारत!

■ **डॉ.गोविन्द माहेश्वरी**
निदेशक, एलन कैरियर इंस्टीट्यूट, कोटा



## नाम का अनुवाद सम्भव नहीं

भारत और इंडिया क्या ये हमारे देश के दो नाम हैं? हमारे देश को अंग्रेजों ने आजादी के पहले भारत से इंडिया कर दिया था जबकि हजारों सालों से हमारे देश का नाम 'भारत' ही था। आजादी के बाद हमारे देश को 2 नामों से पुकारा जाने लगा, एक तो पुरातन भारत, दूसरा अंग्रेजों का दिया गया नाम इंडिया! संपूर्ण भारतवर्ष में आज एक अभियान चल रहा है कि देश का नाम एक ही होना चाहिए, जबकि देश की काफी जनता हमारे देश को हिंदी में भारत और अंग्रेजी में इंडिया कहती है। हम सभी जानते भी हैं कि नाम का अनुवाद नहीं होता। आज हम भारतीय चाहते हैं कि जब भारत मां अपनी आजादी के 75 साल पूरे करे तो देश का नाम एक ही हो। भारत की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट ने प्रस्तुत एक याचिका पर 3 जून 2020 को एक ऐतिहासिक फैसला दिया है कि यदि आप भारतीय संविधान से इंडिया को विलुप्त करवाना चाहते हैं तो आप सभी को संबंधित केंद्रीय मंत्रालय से संपर्क करना चाहिए। तो आइए हम सब मिलकर भारत को केवल 'भारत' बनाएं।

■ **निशा लड्ढा**
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, मैं भारत हूँ फाउण्डेशन



## इंडिया गुलामी का नाम

हजारों सालों से हमारे देश का नाम 'भारत वर्ष' यानी अखंड भारत रहा है, जिसके क्रमवार कई टुकड़े हुए। अंग्रेज 17वीं शताब्दी में जब 'भारत' आए तो मात्र व्यापार करने के लिए आए थे और ईस्ट इंडिया कंपनी का निर्माण किया था। धीरे-धीरे करके हमारे 'भारत' पर कब्जा कर लिया और करीबन 247 सालों तक 'भारत' पर शासन किया। हमारे पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों ने 'भारत मां' की जय बोल कर अपना बलिदान दिया, कई स्वतंत्रता सेनानी फांसी तक चढ़ गए, पर अपनी जिद नहीं छोड़ी। सन् 1947 में 'भारत मां' को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करवाया गया। सन 1950 में जब संविधान बना तो भारतीय संविधान के अनुच्छेद क्रमांक एक पर INDIA THAT IS BHARAT लिख दिया गया, जो कि मेरे हिसाब से गलत है। मैं अंतरराष्ट्रीय संस्था 'मैं भारत फाउंडेशन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते यह कह सकता हूं कि मेरे देश का नाम एक ही 'भारत' रहना चाहिए, इंडिया को मैं गुलामी का नाम समझता हूं, जबकि आज हम आजाद हैं। एक इंसान के नाम 2 नहीं होते तो हमारे देश के नाम 2 क्यों? मैं जब भी अपना उद्बोधन करता हूं 'जय भारत' बोलकर ही करता हूं।

■ **विजय कुमार जैन,** मुंबई
अध्यक्ष "मैं भारत हूँ फाउण्डेशन"



## भारत ही हमारी पहचान

हम अपने आपको भारतीय या भारतवासी कहते हैं। हमारी संस्कृति महान भारतीय संस्कृति कहलाती है। यदि हमारी संस्कृति भारतीय है हम भारतीय हैं तो हमारे देश का नाम तो भारत ही होना चाहिए ना। सोचिए, और आगे बढ़कर इस बात को और लोगों तक बढ़ाइये, पहुंचाईये कि हमारी पहचान हमारा भारत है। इसलिए हमारे देश का नाम भी भारत ही होना चाहिए।

■ **कल्पना गगडानी,** मुंबई
पूर्व अध्यक्ष अ.भा. माहेश्वरी महिला संगठन



## "भारत" नाम गौरव का प्रतीक

अगर सारे विश्व में कहीं भी देखें तो चाईनीज़, मेसोपोटानीय, ब्रेबर आयरलैंड, मिश्र, ग्रीस, माया, स्टिक, रोमन एम्पायर आदि सभी सभ्यताएं समाप्त हो गयी। केवल भारतीय सभ्यता ही जीवित और जीवंत है क्यों? क्योंकि भारत एक भू-भाग मात्र नही, अपितु जीवंत भारतीय सभ्यता है। जो भारत या भारतीय सभ्यता विश्व के किसी काल में किसी युद्ध से भी मिटी नहीं, उसे इंडिया नाम दे कर भारत गौरव नाम हटाने का, उसे भुलाने या उसे लुप्त करने का, उसे मिटाने का षड़यंत्र क्यों? तो यह देश एक जमीन का टुकड़ा मात्र ना होकर भारतीय सभ्यता का जीता जागता प्रतीक है। अतः ईस्ट इंडिया कंपनी जो भारत पर साम्राज्य करने आयी और उन ब्रिटिशर्स अंग्रेजों ने जाते हुवे भारत को ईस्ट इंडिया कंपनी का छद्म नाम और पहचान इंडिया थोपने की कोशिश की। इसी तरह इंडिया नाम थोप कर भी भारतीय मूल के लोगों को उनकी संस्कृति और संस्कारों तथा देश के हज़ारों वर्ष पुराने ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, आध्यात्म, पहचान से तोड़ने के षड्यंत्र का हिस्सा है, जिससे भारतीय अपनी हज़ारों वर्ष से पनपी पली उन्नत सभ्यता पर न गर्व कर सकें और ना ही अनुसरण। आज सारा विश्व भारत की विश्व कल्याण की भावना को नमन कर रहा है। भारतीय सभ्यता "वसुधैव कुटुम्बकम" की उच्च विचार धारा को प्रकाशित करती है और भारत के उच्च मूल्यों को गौरान्वित करती है। अतः भारत का नाम भारत ही होना चाहिए इंडिया नही। संविधान लेखक भी कहता है INDIA THAT IS भारत यानी उस लेखक को भी मालूम है कि असली नाम तो भारत ही है। तभी वह उस भारत नाम का संदर्भ दे रहा है, तो जब असली नाम भारत है तो हम नकली छद्म षड़यंत्र कारक कारणों से दिए नाम इंडिया को क्यों अपनायें। आईये हम अपनी गौरवमयी माँ भारत माता को भारत नाम से ही पुकार कर गौरवान्वित करें। उत्तरं यत समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणं। वर्षं तद भारतं नाम भारती यत्र संततिः। अर्थात जो समुद्र के उत्तर एवं हिमालय के दक्षिण में स्थित है उसका नाम भारत तथा यहाँ के लोग भारतीय हैं'। ये हमारे देश भारत कि महिमा तथा गौरव है।

■ **अरूण मूंदड़ा**
ह्योस्टन (यूएसए)



## दो नाम क्यों, भारत ही पर्याप्त

बिल्कुल सही है कि एक देश के 2 नाम नहीं हो सकते। पूरी दुनिया में कहीं भी किसी देश के 2 नाम नहीं हैं तो हमारे भारत देश के नाम दो क्यों हों? अगर दो भी हैं तो उसमें से एक नाम भारत जो वर्षों से या युगो से था, इस नाम को मिटाने की कोशिश की गई। इसकी हस्ती को मिटाने की कोशिश की गई लेकिन यह उनके मिटाने से भी नहीं मिट सका ना मिट सकेगा। जो अंग्रेजों ने इंडिया नाम हम पर थोपा है, यानी वो ब्रांड देने की कोशिश की है, इस ब्रांड को हम को मिटाना चाहिए। हमारे संविधान से उस शब्द को मिटाना चाहिए जो "इंडिया" हमारी गुलामी का प्रतीक है। हमारे देश का जो मूल नाम है भारत- भारत ही रहना चाहिए। तो हम सब भारत को भारत ही बोलने का प्रयास करें, अपने-अपने नित्य के व्यवहार में भी, "आई लव यू इंडिया" की जगह "आई लव यू भारत" होना चाहिये। जय भारत जय भारती।

■ **रवि जैन,** मुंबई



## सिर्फ "भारत" नाम ही उचित

हमारा देश भारत वर्षों पूर्व में सोने की चिड़िया एवं विश्व गुरु था। भारत विश्व में एकमात्र देश है जो कि आध्यात्मिकता के अलावा भौतिकता में भी बहुत ऊपर था। हमारी धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर बहुत ही अद्भुत थी। हमारे देशवासी पुराने समय में योग्यता के साथ-साथ बहुत हुनर भी रखते थे। हमारी देश की शिक्षा एवं विधि प्रणाली बहुत ही मजबूत थी। अंग्रेजों ने षड्यंत्र कर हमारे देश को तहस-नहस करने के साथ-साथ देश का नाम इंडिया रख दिया जो कि किसी भी तरह से उचित नहीं है। किसी भी देश या व्यक्ति के नाम दो नहीं होते। हिंदी और इंग्लिश में नाम एक ही होता है एवं हमारे देश को भारत के नाम से पुकारा जाना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारा देश भारत पुनः विश्व गुरु और सोने की चिड़िया बनेगा।

■ **पी.एम. भारद्वाज**
राष्ट्रीय सलाहकार मैं भारत हूँ फाउण्डेशन



## 'भारत' में सम्पूर्ण संस्कृति समाहित है

विश्व में मात्र भारत देश के ही अंग्रेजी और हिंदी में दो अलग-अलग नाम हैं। भारत का 'इंडिया' नाम तो अंग्रेजों की देन है। इंडिया नाम सुनने पर अंग्रेजों की हुकूमत और भारतीयों का गुलामी वाला बुरा वक्त याद आ जाता है । अतः हमें इस नाम को अंग्रेजों के समान ही इतिहास में दफन कर देना चाहिए। भारत को भारत बोलने पर अपनत्व का जो आभास होता है, वह इंडिया बोलने पर कतई नहीं होता। भारत नाम के उच्चारण में देशप्रेम का अहसास होता है। 'भारत' एक सम्मानजनक और अर्थपूर्ण शब्द है। ''भारत'' नाम के साथ ही हम सभी नागरिकों को भारतीय संबोधित किया जाता है, जो सुनने में बेहद कर्णप्रिय और गौरवपूर्ण लगता है। यदि भारत को इंडिया कहा जाए तो उस आधार पर हम इंडियन कहलाते हैं, इंडियन शब्द बिल्कुल भी सुहावना नहीं लगता है। सभी सरकारी और गैर सरकारी कागजातों पर भी 'भारत' नाम को ही मान्यता मिलनी चाहिए। हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, हमारे देश का नाम भी हिंदी में हो तो यह हमारी संस्कृति का परिचायक भी होगा क्योंकि 'इंडिया' एक अर्थहीन शब्द है और 'भारत' एक सम्पूर्ण संस्कृति। विश्वपटल पर हमें अपने देश का एकमेव नाम 'भारत' ही घोषित कर देना चाहिए।

■ **सुमिता मूंधड़ा**, मालेगांव



## नाम नहीं देश के प्रति सम्मान महत्वपूर्ण

प्रथम जैन तीर्थंकर ऋषभदेव जी के पुत्र भरत के नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा था। इसमें 'भा' शब्द का अर्थ प्रकाश व 'रत' का अर्थ युक्त होता है अर्थात भारत शब्द का अर्थ प्रकाश युक्त होता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस रिवर भी है जिसके नाम पर विदेशियों द्वारा हमारे देश का नाम इंडिया रखा गया क्योंकि उन्हें हिंदुस्तान (उस समय भारत का प्रचलित नाम) शब्द उच्चारित करने में कठिनाई होती थी। बाद में भारत के संविधान ने इंडिया नाम को भी स्वीकार कर लिया और भारत के लोग देश को 'इंडिया' और स्वयं को 'इंडियन' कहने लगे। अब एक ही देश के दो नाम। क्या यह उचित है? मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि यदि देश का नाम सिर्फ इंडिया होता तो हम इस पर विवाद कर सकते थे। किंतु हमारे संविधान में पहले ही हमारे देश का नाम भारत कहा गया है। तब इस बहस का क्या औचित्य? 'नाम में क्या रखा है' विलियम शेक्सपियर की इन शब्दों को ध्यान में रखते हुए देश का नाम 'भारत' हो या 'इंडिया' हम स्वयं को 'भारतीय' कहें या 'इंडियन' यह बात ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है देश के प्रति अमूल्य प्रेम व सम्मान का वह भाव (जो दुर्भाग्यवश लुप्त को रहा है) जो हमारे देश के हर नागरिक के मन में सदैव स्थित व स्थिर रहना चाहिए। ताकि हम चाहें 'भारतीय' हो या 'इंडियन' हमारे द्वारा किया हर कर्म हमारे देश को विकास के पथ पर लेकर जाने के लिए सहायक हो।

■ **मीनू नवनीत भट्टड़**, नागपुर (महाराष्ट्र)



दीपावली के पावन पर्व पर
सभी माहेश्वरी बन्धुओं को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं



**श्रीकांत भूतड़ा**
मो.94141-52776

# रामकुमार भूतड़ा

प्रदेश कोषाध्यक्ष - भारतीय जनता पार्टी राजस्थान
पूर्व महामंत्री - अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा
मो. 9414153043, 98285-53

**अमित भूतड़ा**
मो.94144-15579

# कमला ग्रेनाईट इण्डस्ट्रीज

जी-101, रिक्को इण्डस्ट्रीयल एरिया तृतीया चरण, जालौर (राजस्थान)
फोन-02973-223956, 224043 फैक्स- 02973-225376

## सहयोगी प्रतिष्ठान

### श्रीकान्त ग्रेनाईट्स
जी-100, रिक्को इण्ड.एरिया
तृतीया चरण,जालौर
फोन -02973-224043,
मो.9414152776

### आर.के. ग्रेनाईट्स
जयपुर बाईपास रोड,
मदनगंज-किशनगढ़
फोन -01463-250530
मो.9829180971

### आर.के. ग्रेनाईट्स
जी-98-99, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण, जालौर
फोन-02973-225376, 225377
मो. 9414415579

### दिग्विजय ग्रेनाईट्स
जी-221, रिक्को इण्ड. एरिया,
तृतीया चरण,जालौर
फोन-02973-225088,
224198

# सफल जीवन के पांच सूत्र



त्रिभुवन काबरा
वडोदरा

**हर कोई चाहता है कि उसकी संतान सफलता के शिखर को छुए। यह सोच तो होनी ही चाहिये लेकिन इसके साथ ही जरूरी है, सफल जीवन के आधार सेहत, समय, शिक्षा तथा रिश्तों के महत्व को समझना तथा समझाना। इसकी शुरूआत बच्चों की प्रारंभिक आयु से ही होना चाहिये। आइये जानें कैसे बनाऐं इन्हें अपनी दिनचर्या का अंग बच्चो को सम्बोधित त्रिभुवन काबरा की जुबानी।**

**सेहत -** नियमित रूप से शारीरिक व्यायाम, संतुलित व पौष्टिक आहार तथा योग्य मात्रा में नींद लेना यह तीनों आदतें अपनी सेहत को अच्छा बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नियमित व्यायाम और संतुलित आहार से शरीर निरोगी और फुर्तीला रहता हैं। उम्र के अनुसार योग्य मात्रा मे नींद लेने से मस्तिष्क का विकास अच्छी तरह से होता हैं और साथ ही शरीर में ऊर्जा का निर्माण भी होता है। उम्र के अनुसार आप को कम से कम 7:30 घंटो की नींद लेनी चाहिए। आप लोगो कों रात मे ज्यादा से ज्यादा 11 बजे सो जाना चाहिए और सुबह मे 6:30 को उठ जाना चाहिए। मोबाइल और सोशल मीडिया का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए, जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल आपकी आँखों और मस्तिष्क पर विपरीत असर करेगा।

**समय -** समय की अपनी एक गति होती है, ताकत होती है। कुछ कार्य करने का अपना एक योग्य समय होता है। समय के विपरीत जाकर कोई कार्य किया जाता है तो उसके विपरीत परिणाम भी हो सकते हैं। जैसे की पढ़ाई करने की आयु मे यदि कोई दूसरा कार्य (पार्ट टाइम जॉब करना) किया जाए तो दोनों और संतुलन बनाकर रखना मुश्किल हो जाता है। यदि आपका परिवार आपकी पढ़ाई का खर्च उठाने मे सक्षम है तो पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम जॉब करने का विचार नहीं करना चाहिए, जिससे कि हम अपने पढ़ाई करने के समय मे पूरी तरह से अपना ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**शिक्षा-** जीवन मे सफल और अच्छा इन्सान बनने के लिए पढ़ाई का अपना एक महत्व है। कारण यह है कि कोई न कोई प्रतिभा तो हर किसी में होती है, बस सफल और असफल व्यक्ति में अंतर होता है, तो यह कि सफल व्यक्ति आपकी प्रतिभा को शिक्षा द्वारा तराश लेता है और असफल व्यक्ति इसे तराश नहीं पाता। इसलिए पूरी लगन और सच्चाई के साथ हमें पढ़ाई करना चाहिए। पढ़ने से इन्सान के ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि होती हैं।

**रिश्ते -** मानव जीवन मे रिश्ते कई प्रकार के होते हैं जैसे की खून के रिश्ते, प्यार के रिश्ते और दोस्ती के रिश्ते। हर रिश्ते का अपना एक महत्व होता है, साथ ही हर रिश्ते की अपनी एक जगह भी होती हैं। रिश्ते हर सुख-दुःख में सहभागी बन आत्मबल की वृद्धि करते हैं, वहीं हमारी सफलता की यात्रा में भी यथा सम्भव सम्बल प्रदान करते हैं। अतः रिश्ते वह धन हैं, जो कभी समाप्त नहीं हो सकता। सभी रिश्ते प्यार, अपनेपन, सम्मान से बंधे होते हैं इसलिए हमें रिश्तों के महत्व को समझ कर उसे पूरी तरह से निभाना चाहिए।

**श्रद्धा एवं आत्मविश्वास -** व्यक्ति में सदैव श्रद्धाभाव होना चाहिए। श्रद्धाभाव मन को शांत तथा एकाग्र रखने में सहायता करता हैं। आत्मविश्वास व्यक्ति को जीवन पथ पर अग्रसर रहने में सहायता प्रदान करता हैं। जीवन में कभी भी विपरीत परिस्थिति का सामना करना पड़े उस समय मन में श्रद्धा और आत्मविश्वास हो तो व्यक्ति शांत मन से सुयोग्य मार्ग ढूंढ ही लेता है।





**स्तन कैंसर की तरह ही सर्वाइकल कैंसर अर्थात गर्भाशय मुख का कैंसर भी नारी जीवन की ऐसी बीमारी है, जो सुखी जीवन में जहर घोल देती है। वैसे वर्तमान में इससे बचाव व इसका उपचार असंभव नहीं है, बस सही समय पर सही कदम उठाने भर की जरूरत है।**

# नारी जीवन का शत्रु सर्वाइकल कैंसर



डॉ. मंगल शरद राठी
अमरावती

स्तन कैंसर (BREAST CANCER) के बाद महिलाओं में होने वाली दूसरी बड़ी बीमारी है सर्वाइकल कैंसर। यह ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के कारण होता है, जो कि यौन संक्रमण से फैलता है। इसे न केवल रोका जा सकता है अपितु इसे बहुत जल्दी पकड़ा जा सकता है। समय रहते इसका उपचार किया जाए तो बचा जा सकता है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या है, जागरूकता का अभाव। बच्चेदानी से गंदें पानी का रिसाव, महावारी का अनियमित होना, महावारी के बीच असामान्य रक्तस्त्राव होना, संभोग के समय या बाद में खून जाना, संभोग के दरम्यान् दर्द होना, रजोनिवृत्ति के बाद असामान्य रक्तस्त्राव होना, कमर या पैर में अधिक दर्द होना या पेशाब में रूकावट इसके प्रारंभिक लक्षण हैं।

## सतर्कता ही बचाव

धूम्रपान, कम उम्र में अधिक बच्चे, कमजोर प्रतिकारक शक्ति, कई पुरूषों से यौन संबंध, गुप्तांगों की सफाई में कमी, एड्स का होना, 5 साल के ऊपर मौखिक गर्भनिरोधक गोली का इस्तेमाल व मोटापा आदि इसके खतरे को बढ़ा देते हैं। अगर महिलाएं नियमित रूप से अपना पैप टेस्ट करवाती हैं तो पूरी तरह से इस बीमारी से बच सकती हैं। 21 से 29 वर्ष की महिलाओं को प्रत्येक 3 साल में एक बार पैप टैस्ट करवाना चाहिए। उन्हें एचपीवी टैस्ट की सलाह नहीं दी जाती। 30 से 65 साल की महिलाओं को पैप टैस्ट और एचपीवी टैस्ट (को-टेस्टिंग) प्रत्येक 5 साल में करवाना चाहिए। प्रत्येक 3 साल में एक बार पैप टैस्ट करवाना भी सही रहता है। पेल्विक अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, कोलपोस्कोपी और बायोप्सी से निदान होने लगता है।

## एडवांस स्टेज में भी इलाज संभव

खुशखबरी यह है कि इससे बचाव के लिए वैक्सीन उपलब्ध है जो 9 साल की उम्र से लेकर 45 वर्ष तक की महिलाओं को दी जानी चाहिए। नियमित पैप टेस्ट स्मीयर द्वारा इसको पहली स्टेज से भी पहले पकड़ा जा सकता है। पहली स्टेज में आपरेशन या रेडियोथेरेपी से इलाज संभव है। अगर कैंसर पहली स्टेज से ऊपर है तो रेडियोथेरेपी के साथ कीमोथेरेपी से इलाज संभव है। एडवांस स्टेज में भी रोगी के लक्षणों को काबू किया जा सकता है और उम्र बढ़ा पाना संभव है। रेडियो थैरेपी में किरणों द्वारा बिना किसी दर्द के इसका इलाज किया जाता है। टेलीथेरेपी और ब्रेकीथेरेपी दोनों के प्रयोग से महिला पूरी तरह स्वस्थ होकर सुखमय जीवन व्यतीत कर सकती है। आखिरी स्टेज में भी इम्यूनोथेरेपी से इसको काबू किया जा सकता है।

## इन बातों का रखें ख्याल

कैंसर के लक्षणों को थोड़ा भी नजरअंदाज ना करिए। एक यौन साथी से वफादारी रखिए। गुप्तांगों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। नियमित पेप स्मीयर टेस्ट करवाएं। वैक्सीन लगवाएं। कोई कैंसर का लक्षण हो तो उसे अनदेखा न करें। कैंसर स्पेशलिस्ट से तुरंत इलाज करवाएं। अच्छा भोजन खाएं। भोजन में सलाद, फल, सूखे मेवे, हरी सब्जियां, संपूर्ण अनाज, एंटीऑक्सीडेंट, फोलिक एसिड, विटामिन ई आदि का पर्याप्त प्रमाण रखें। व्यायाम करें। अपना वजन कंट्रोल में रखें। धूम्रपान से बचें। सही समय पर सही परिवार नियोजन साधन अपनाएं। हंसते-खेलते, मुस्कुराते हुए सकारात्मकता से अपने परिवार के साथ आनंदित जीवन व्यतीत करें। मानसिक तनाव से दूर रहे। सदा स्वस्थ रहें। याद रखें हमें कैंसर से हरदम दो कदम आगे रहना है कैंसर से हारना नहीं है, कैंसर को हराना है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

**Nandini Traders**

Grain Marchant & Commission Agent

State Bank Road, Karanja (Lad) Dist. Washim (Akola Marchant)
Ph. : 07256-223042, Mobile : 9764274285

**नंदिणी इन्टरप्राइजेस**

पंताजली आयुर्वेद के थोक विक्रेता

स्टेट बैंक रोड, वर्धमान प्लाजा,
कारंजा ( लाड ) - जिला वाशिम - 444105



शेषनारायण देविलीशन धूत

IS:1786
CM/L - 6943589

# GBR TMT
THE STRENGTH WITHIN
www.gbrmetals.com

Manufacturers of High quality
MS Billets and TMT Bars




**Works:**
#295, G.N.T Road,
Peravallur Village,
Ponneri Taluk - 601 206
Tamil Nadu
Website: www.gbrmetals.com

**Registered Office:**
#4, Ramanan Road,
Chennai - 600 079
Tamil Nadu
Ph: +91 44 25292151
E-mail: sales@gbrmetals.com

''अंधकार'' पर ''प्रकाश'' की
विजय के पर्व

# दीपावली

की समस्त समाजजनों को हार्दिक-हार्दिक शुभ कामनाऐं



# सीतादेवी तोषनीवाल चेरिटेबल ट्रस्ट

ट्रस्टी

**नेमीचन्द तोषनीवाल**

पूर्व अध्यक्ष
वृहत्तर कलकत्ता प्रादेशिक माहेश्वरी सभा

**मदनगोपाल माहेश्वरी**
**विष्णुगोपाल तोषनीवाल**

57-एल, बालीगंज सर्कुलर रोड, कोलकाता-700019
फोन- (नि.) 033-24614925, (कार्या.) 22682676
मो. 094332-77426

राह जिंदगी की...



प्रो. कल्पना गगडानी, मुंबई

# दीवाली और कोविड के बाद उभरी मानसिकता में ''पाजिटिविटी का तड़का''

दीवाली धूमधाम से मनी, बाजार में रौनक त्यौहर मे धूमधाम और मन में उत्साह। जीवन सामान्य से होने लगा है। ब्याह शादी का मौसम भी गरमाने लगा है। कोविड का भय धीरे-धीरे मिटने लगा है और सब कुछ पहले जैसा होने के आसार से नजर आ रहे हैं। यद्यपि तीसरी वेब कोविड की विश्व में अपनी दस्तक कहीं-कहीं सुना भी रही है। आनंद और भय के बीच का यह समय समझने, जानने, बुझने और उस आधार पर नये सिरे से अपने आपको कुछ दिशा निर्देश देने का है।

## दीपावली में उठता आत्मविश्वास

इस दीपावली के दौरान आपने जिससे भी बात की होगी एक जवाब जरुर सुना होगा, ''इस बार तो भाई दीवाली, दीवाली जैसी लगेगी।'' दिल के इस दर्द को समझने की कोशिश कीजिये। किसी चीज के न मिलने पर उसकी कीमत समझ में आती है, जीवन में उसकी आवश्यकता समझ में आती हैं। ''आज फिर वही दाल, चाँवल, सब्जी, रोटी'' कहने वाले को उपवास के दिन दाल रोटी का स्वाद आनंदमयी लगता हैं। लोगों के इन जबावों ने स्वयं सिद्ध कर दिया कि ये त्यौहार जीवन के लिये स्फूर्तिदायक होते हैं।

## कोविड से पनपी भयावह मानसिकता

कोविड काल का अकेलापन और उस पर हर दिन किसी अपने के जाने की खबरें, विश्व भर में फैला मौतों का मंजर, दिन- रात, टीवी चैनलों पर परोसा गया प्रमाद, व्हाटसएप पर फारवर्डेड ज्ञान, जीवन की नश्वरता को नशीले जहर की तरह जेहन में डाल रहा है। मौत का भय अब नये सिरे से दिलों दिमाग पर छा गया है। संक्रमण काल है, इसमें अपने आप की सुरक्षा अपने आप करनी होती है। अपने आप अपनी मदद के लिये दिमाग का आपे में रहना बहुत जरुरी है। और दिमाग आप में तब रहता है, जब आपकी सोच सकारात्मकता हो। निराशा में आशा आप खुद जगा सकें, अंधेरे में रोशनी का दीया आप खुद लगा सकें। दीवाली मना कर आए है। अभी-अभी देखा है कि छोटे-छोटे माटी के दीये हों या आधुनिक बिंदु बराबर बल्ब की मालाएँ कार्तिक की काली रात को रोशन कर देती हैं। ठीक उसी प्रकार छोटी-छोटी सकारात्मक सोच और क्रियाएँ जीवन के नैराश्य को खुशियों में बदल देती हैं। ये आप पर निर्भर है कि दीवाली पर रोशनी के लिये आप एक दीया मंदिर में एक दीया परिंडे पर लगाते हैं या पूरे घर में ढेर सारे दीये लगाकर बल्बों की मालाएं बिछाकर घर या पूरे मोहल्लें को ही नहीं पूरे आकाश को जगमग कर दें। मन को जगमगाने वाले कुछ दीयों के प्रकार हम आपको दिखा देते हैं। बिन पैसे खरीद लीजिये, बस बत्ती आपको ही जलानी होगी।

## ये सदैव याद रखें

- मौत एक शाश्वत सत्य हैं उससे घबराये मत। मौत यदि आनी ही है, जिंदगी जानी ही है, तो जब तक जिंदगी आपके पास है तो उसे भरपूर जियें।
- जिंदगी जीने का अर्थ है, जिंदादिली से जीना,जीने का आनंद हर पल उठाना।
- आनंद हर कार्य, हर विचार में सकारात्मकता देखने से प्राप्त होता है। सकारात्मकता तब उत्पन्न होती है जब आप हर चीज को वर्तमान में जीने का प्रयास करते हैं।
- वर्तमान में जीने का अर्थ है कि भविष्य की चिंता में आज के आनंद को खत्म न करें और बुजुर्ग अपने बीते हुए कल को आज पर हावी न होने दें।
- कोरोना के प्रकोप ने ये तो समझा ही दिया है कि उत्तम स्वास्थ्य किसी भी आपदा का सामना करने के लिये कितना जरूरी है, तो स्वस्थ रहें।
- स्वस्थ रहने के लिये आवश्यक है, संतुलित भोजन एवं नियमित व्यायाम।
- शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ बहुत जरूरी है, मानसिक स्वास्थ्य को संभलना। मानसिक स्वास्थ्य संभलता है, हर विपरीत परिस्थिति में मानसिक संतुलन बनाये रखने से मानसिक संतुलन बलवती होता है, खुश रहने से, व्यस्त रहने से, आश्वस्त रहने से।



# आपणी बोली



- स्वाति जैसलमेरिया, जोधपुर

## आस्था में विश्वास

खम्मा घणी सा हुकुम, आज आपा बात कर रियाँ हाँ आस्था री... हुकुम आज रे समय में नैतिक मूल्यों रो पतन तेज़ी सूं हूँ रियो है। लोगो मे ईश्वर रे प्रति आस्था रो अभाव बढतो जा रियो हैं यो ही नहीं मनुष्य मनुष्य रे बीच में अविश्वास री खाई चोड़ी हुवती जा रही है अगर आपा विचार करां तो कई महत्वपूर्ण कारण समझ में आ रियाँ है.. लोगो में बहुत खुलोपन आ ग्यों है हुकुम हद सूं ज्यादा नंगोपन चरित्रहीनता दर्शावे। नैतिकता घटी है संस्कार रे अभाव में नैतिकता रो स्तर गिरनो स्वाभाविक हैं। आज रे दिखावें रे युग मे आयोजन तो बहुत हूँ रियाँ है परन्तु आयोजनों में मानवीय हित रा पहलू कम दिखावें रा रूप ज्यादा हैं ।

हुकुम, मन री पवित्रता बिना तन री पवित्रता सम्भव नहीं। हृदय रा पवित्र भाव ही वास्तविक रूप में भक्ति सरलता आचरण रूप में जीवन में आवैं ।

हुकुम मनुष्य रे जीवन में सुख शांति सरलता तो मानों विदा हूँगी है एड़े में परमात्मा रो आधार ही सुख शांति व आनन्द री प्राप्ति रो कारण बण सकें। संत श्री गुरु नानक केहवें..

'दुखिया सब संसार, सुखी वही जो अपने ले प्रभु नाम को आधार'।

परमात्मा री अनुभूति ही आपाणे जीवन में कल्याण कारण हूँ सकें । एडे कई उदाहरण है जिणमें आस्था नीति चरित्रभक्ति और अध्यात्म रो प्रमाण बतावें... पांडवों री जीत नीति मार्ग री जीत है तमाम संकटों रे बावजूद विजय श्री प्राप्त करण में सफल रिया। शिवाजी ओर राणाप्रताप आपाणी धरोहर है वे न केवल वीरता रा प्रतिक था बल्कि न्याय और नीति रा अनुयायी था। ध्रुव और प्रह्लाद भक्ति रा उदाहरण है। आचार्य शंकर, रामानुज आदि अध्यात्म रा उदाहरण है । ईश्वर रे प्रति आस्था रे बल पर ही उन्होंने मनुष्य मात्र री मुक्ति रो मार्ग प्रशस्त करें।

# मुलाहिज़ा फ़रमाइये





▸▸ *ज्योत्सना कोठारी*
*मेरठ*

- वो उठ के चल दिये महफ़िल से एक पल में कहीं..
  जो क़िस्सा ग़म का वहां हम सुनाने वाले थे।
- नूर फैला किया मेरे चारों तरफ
  तेरा चेहरा ख्यालों में लाते रहे।
- भले लगते हैं तूफानों से लड़ते बादबाँ मुझको
  हवा के रुख पे चलती किश्तियाँ अच्छी नहीं लगतीं...
- उलझा के उसने हमको समंदर के फेर में
  जो था हमारे पास वो क़तरा भी ले लिया
- जीतना है वक़्त से तुमको अगर
  वक़्त की रफ़्तार से आगे रहो
- मुलाकातें नही मुमकिन मुझे एहसास है लेकिन
  तुम्हें दिल याद करता है बस इतना याद रखना तुम
- उसने आने का किया है वादा, कब आजाए वो
  इसलिए आँखों को हरदम मुन्तज़र रक्खा गया

## कार्टून कौतुक



## खुश रहें - खुश रखें

# शांति का अच्छा साधन है मौन



**पं. विजयशंकर मेहता**
(जीवन प्रबन्धन गुरु)

मौन के वृक्ष पर शांति के फल लगते हैं। परिवार में मौन शांति के साथ ही स्नेह व सम्मान की भावना भी पैदा करता है। गुरु-शिष्य की ही बात की जाए तो आज भी कई गुरु दीक्षा देते समय अपने शिष्यों से कहते हैं हमारे और तुम्हारे बीच मौन घटना चाहिए। इसका सीधा सा अर्थ है कि आप अपने गुरु से कम से कम बात करें। गुरु से जितना मौन होगा, शिष्य को शांति की उपलब्धि उतनी अधिक होगी।

गौतम बुद्ध मौन पर बहुत जोर देते थे। एक दिन अपने शिष्यों के बीच एक फूल लेकर बैठ गए और एक शब्द नहीं बोले नही। सारे शिष्य बेचैन हो गए। शिष्यों की मांग रहती है कि गुरु बोलें फिर हम बोलें। कई बार तो शिष्य लोग गुरु के नहीं बोलने को उनका अहंकार बता देते हैं। यह मान लेते हैं कि हमारे गुरु हमसे दूर हो गए। दरअसल, गुरु बोलकर शब्द खर्च नहीं करते बल्कि मौन रहकर अपने शिष्य का मन पढ़ते हैं। बुद्ध का एक शिष्य महाकश्यप जब हँसने लगा तो बुद्ध ने वह फूल उसको दे दिया और अन्य शिष्यों से कहने लगे, ''मुझे जो कहना था मैंने इसे कह दिया, अब आप लोग इसी से पूछ लो।'' सब महाकश्यप की ओर मुड़े तो उनका जवाब था, ''जब उन्होंने कहा ही नहीं तो मैं कैसे बोलूं।'' सारी बात आपसी समझ की है। मौन की वाणी इसी को कहते हैं। इसे मौन का हस्तांतरण भी माना गया है। इसका यह मतलब नहीं है कि गुरु से जो ज्ञान प्राप्त हो वह मौन के बाद नाम पर पचा लिया जाए। गुरु के मौन से शिष्य को जो बोध होता है उसे समय आने पर वाणी दी जा सकती है। पर वह वाणी तभी प्रभावशाली होगी जब गुरु और शिष्य के बीच गहरा मौन घटा हो।

यह बात परिवार पर भी लागू होती है। मौन का हस्तांतरण पति-पत्नी के बची, बाप-बेटे के बीच भी बिल्कुल ऐसे ही हो सकता है। इससे परिवार में शांति के साथ परस्पर संबंधों में सम्मान, गरिमा व प्रेम प्रकट होगा। मौन की भाषा बोलना चाहें तो एक काम करें-जरा मुस्कराइए...।


# जल देवता

वेद-पुराण-कुरान-बायबिल सहित सभी धर्मग्रन्थों ने भी कहा है- 'जल है तो कल है'।
इन्हीं सन्दर्भों से सन्दर्भित **डॉ. विवेक चौरसिया** के जल पर केन्द्रित लेखों का संग्रह 'जल देवता'.




जिनमें आप पायेंगे न सिर्फ भारतीय संस्कृति बल्कि सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकारी है जल की महत्ता.

**Rs. 150/-**
डाक खर्च सहित

# खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद

55 के बाद की जिन्दगी सपनों का अन्त नहीं बल्कि उन्हें साकार करने का स्वर्णिम समय है. बस इसके लिए जरूरी है खूबसूरती से जीना कैसे जीएँ... इसी के सूत्र बताती है




**डॉ. एच.एल. माहेश्वरी** की पुस्तक ''खूबसूरती से जीएँ 55 के बाद''.

**Rs. 120/-**
डाक खर्च सहित

आपसे कहा जाता है -
- संकट निवारण हेतु पानी में नारियल बहा दें।
- सांप दिखे तो काम टालें।
- नल को पानी टपकता न छोड़ें।

... और भी बहुत कुछ **तो फिर...**

# ऐसा क्यों?
aisa kyon
जिसमें छुपा है आपके हर क्यों का जवाब




प्रश्न उठना स्वाभाविक है - **''ऐसा क्यों?''** लेकिन इसका उत्तर देगा कौन? **इसका उत्तर देगी गहन अध्ययन से संजोई पुस्तक**

**Rs. 100/-**
डाक खर्च सहित

**ऋषिमुनि प्रकाशन**

90, विद्यानगर, साँवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) फोन - 0734-2526561, 2526761, मो. 094250-91161


KHANA KHAZANA

# मिक्स दाल के लड्डू



**सामग्री :** उड़द की धुली दाल 300 ग्राम, मूंग की धुली दाल 200 ग्राम, देसी घी 500 ग्राम, बुरा 500 ग्राम, दरदरे कटे काजू 100 ग्राम, दरदरे अखरोट 100 ग्राम, कटा हुआ पिस्ता 25 ग्राम, बड़ी इलायची के दाने 2 बड़े चम्मच।

**विधि :** दोनों दालों को धोकर अलग-अलग भिगो दें, दो-तीन घंटे बाद में पानी से निकालकर अलग-अलग पिसले दोनों पेस्ट मिलाकर अच्छे से फैट ले।

कढ़ाई में आधा भी गर्म करके पेस्ट डालें और अच्छी तरह भूने, बीच-बीच में बाकी बचा हुआ घी थोड़ा-थोड़ा करके डालते जाए। और दाल को चलाएं.जिससे कि वह कढ़ाई में ना लगे। दाल का रंग बादामी होने पर परात में निकाले। थोड़ा ठंडा होने पर उसमें बुरा और सारा मेवा मिलाकर अपनी इच्छा अनुसार लड्डू का साइज लेकर लड्डू बना ले ।

ठंडी के अंदर यह लड्डू बहुत ही पौष्टिक होते हैं।




**शेफ पूनम राठी**, नागपुर
विविधा कुकिंग क्लासेस
9970057423




# राशिफल संकेत सितारों के



पं. विनोद रावल
(ज्योतिर्विद)
फोन : 0734-2515326

## मेष

यह माह आपको संपत्ति से संबंधित प्रकरणों में सफलता प्रदान करने वाला होगा। नवीन संपत्ति के निर्माण के भी योग ऋण के माध्यम से बनते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता मिलेगी। धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में भाग लेंगे। राजकीय पक्ष में अनुकूलता रहेगी। वाणी के द्वारा अपने रुके हुए कार्य बनने लगेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबी यात्रा के योग रहेंगे। भौतिक सुख सुविधाओं पर खर्च करना पड़ेगा। संतान से संबंधित रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। वाहन से सावधानी रखना आवश्यक रहेगा। मन में अज्ञात भय बना रहेगा। दांपत्य जीवन के अनुकूलता रहेगी।



## वृषभ

यह माह आपके लिए भाग्योदय कारक रहेगा। इस माह में आपको नवीन नौकरी के योग प्रबल रहेंगे। कार्य व्यवसाय में उन्नति होगी। आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी परंतु समय पर बात भूलने की प्रवृत्ति बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगे। मामा परिवार से वैचारिक मतांतर रहेंगे। देव विशेष की आराधना से मन को शांति प्राप्त होगी। बड़े बुजुर्ग एवं प्रतिष्ठित सज्जनों से मुलाकात होगी। धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। संपत्ति से संबंधित रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर परिवार में मांगलिक कार्य होगा।



## मिथुन

यह माह आपके लिए विशेष खुशियां प्रदान करने वाला होगा। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। रुके हुए हुए कार्य पूर्ण होंगे। मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन की प्राप्ति होगी। संतान के रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। किसी विषय पर गहन मंथन में उलझे रहेंगे। विरोधी योजना बनाएंगे किंतु वह सफल नहीं हो पाएंगे। स्वाभिमान से रहेंगे। धार्मिक यात्रा के योग रहेंगे। शुभ एवं मांगलिक कार्यों में भाग लेंगे। अपने बलबूते पर कोई असंभव कार्य कर दिखाएंगे। हड्डी एवं दाँत की तकलीफ का सामना करना पड़ेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।



## कर्क

यह माह आपके लिए अनुकूल रहेगा। संतान से संबंधित कार्यों में सफलता मिलेगी। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। विजयश्री प्राप्त होगी, यश मिलेगा। कन्या संतान की प्राप्ति के योग रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। विरोधी पर विजय प्राप्त होगी। विवाह संबंध होगा। पत्नी एवं ससुराल के माध्यम से धन प्राप्ति के योग रहेंगे। किसी गुढ़ रहस्य ज्ञान की प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे। धार्मिक यात्रा के योग रहेंगे। विवाह संबंध तय होने की प्रबल संभावना रहेगी। शुभ व मांगलिक कार्यों में खर्च करेंगे। वाहन सुख की प्राप्ति होगी। आय के साधनों की प्राप्ति होगी एवं अचानक धन लाभ के योग प्रबल रहेंगे।



## सिंह

यह माह आपके लिए मध्यम फलदाई रहेगा। वाहन सुख की प्राप्ति होगी। संतान एवं शिक्षा संबंधित रुके हुए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। यश मिलेगा, मानसिक तनाव बना रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाएंगे। पति-पत्नी में वैचारिक मतांतर रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। तीर्थाटन, धार्मिक व शुभ यात्रा, मांगलिक प्रसंग में भाग लेंगे किंतु पाचन तंत्र से संबंधित कष्ट के भी योग प्रबल रहेंगे। अचानक आय में वृद्धि होगी एवं राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। राजनीतिक संपर्क का लाभ मिलेगा। पुराने मित्रों से भेंट होगी।



## कन्या

यह माह आपके लिए शुभ फलदाई रहेगा। भाई, परिवारजनों का स्नेह प्राप्त होगा। विरोधी परास्त होंगे। किसी चुनौती पूर्ण कार्यों को युक्तियुक्त तरीके से करने में सफलता अर्जित होगी। वाहन सुख, मकान सुख में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। लंबी यात्रा रहेगी। राजकीय पक्ष की अनुकूलता रहेगी। नवीन नौकरी एवं पद प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। यश कीर्ति मिलेगी। संतान के रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। पाचन तंत्र से संबंधित कष्ट के योग रहेंगे। शिक्षा, साहित्य, लेखन, प्रकाशन, धार्मिक कार्य, मांगलिक कार्य, शुभ कार्य में सफलता मिलने के योग प्रबल रहेंगे। स्थाई संपत्ति में वृद्धि होगी।



## तुला

यह माह आपके लिए आर्थिक संपन्नता प्रदान करने वाला रहेगा। स्थाई संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। इससे संबंधित पुराने विवाद से मुक्ति मिलेगी। चुनौती पूर्ण कार्यों को सफलता से करने से यश मिलेगा। वाहन सुख, मकान सुख में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। मित्रों से सहयोग मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। राजकीय पक्ष से पुरस्कार प्राप्ति के योग रहेंगे। अज्ञात भय बना रहेगा। किसी विषय को लेकर निर्णय लेने में विलंब करेंगे। सामाजिक संगठन से जुड़कर समाज सेवा का कार्य करेंगे। समाज में नवीन पद प्राप्ति के योग रहेंगे।



## वृश्चिक

यह माह आपके लिए प्रसन्नता प्रदान करने वाला होगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। हर्षोल्लास का वातावरण निर्मित होगा। विजयश्री प्राप्त होगी। स्थाई संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। लंबी यात्रा के योग रहेंगे। विरोधी परास्त होंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। वाहन सुख के योग प्रबल रहेंगे। परिवार के साथ घूमने फिरने का प्रोग्राम बनाएंगे एवं उसका लुफ्त उठाएंगे। संतान के रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। रक्त विकार से संबंधित कष्ट के योग रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाह संबंध तय होने के योग प्रबल रहेंगे। आर्थिक संपन्नता में वृद्धि होगी।



## धनु

यह माह आपके लिए लंबी यात्रा प्रदान करने वाला होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करेंगे। स्थाई संपत्ति का निर्माण होगा। ऋण लेना होगा। भाइयों से वैचारिक मतांतर रहेंगे। स्वास्थ्य (हड्डी एवं दाढ़ दांत) से संबंधित परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विरोधी परास्त होंगे। दांपत्य जीवन की अनुकूलता रहेगी। विवाह संबंध होने के योग रहेंगे। जलाशय से सावधानी रखना आवश्यक रहेगा। आय के नवीन साधनों की प्राप्ति होगी एवं आय में वृद्धि होगी। नौकरी वाले व्यक्तियों को पदोन्नति होने के योग तथा स्थान परिवर्तन के योग प्रबल रहेंगे।



## मकर

यह माह आपके लिए प्रसन्नता प्रदान करने वाला होगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। हर्षोल्लास का वातावरण निर्मित होगा। स्थाई संपत्ति में वृद्धि के योग प्रबल रहेंगे। दूर देश अथवा विदेश यात्रा के योग प्रबल है। भाग्य का उदय होगा। आर्थिक संपन्नता में वृद्धि होगी। धार्मिक यात्रा के योग प्रबल रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पुत्र संतान प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे। घर में मांगलिक काम, शुभ काम के योग प्रबल रहेंगे। अचानक आय प्रदान करने वाले व्यवसाय में लाभ मिलेगा। पुराने मित्रों से भेंट होगी। दांपत्य जीवन की अनुकूलता रहेगी।



## कुम्भ

यह माह आपके लिए मिलाजुला रहेगा। कुछ तनाव आएंगे परंतु उनका निराकरण भी हो जाएगा। भौतिक सुख सुविधा से संबंधित कार्यों में खर्च करना होगा। धार्मिक, मांगलिक, शुभ कार्य में भाग लेंगे। संतान से संबंधित कार्य में सफलता मिलेगी। वाणी के कारण बनते हुए कार्य बिगड़ने लगेंगे। अतः सावधानी बरतना आवश्यक रहेगा। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। पत्नी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। दांपत्य जीवन के अनुकूलता रहेगी। विवाह संबंध तय होने के योग रहेंगे। आय के नवीन साधनों की प्राप्ति होगी। लंबी यात्रा के योग रहेंगे। दिखावे पर खर्च करना होगा।



## मीन

यह माह आपको विजय प्रदान करने वाला रहेगा। विरोधी परास्त होंगे। सुखों में वृद्धि होगी। पत्नी का सहयोग प्राप्त होगा। ऋण के माध्यम से संपत्ति का निर्माण होगा। अचानक आय प्रदान करने वाले कार्यों से धन प्राप्ति के योग प्रबल रहेंगे। दूर देश की यात्रा के योग रहेंगे। भौतिक सुख-सुविधाओं पर खर्च करना पड़ेगा। आय अच्छी रहेगी। पद एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग रहेंगे। शासकीय सेवा से जुड़े लोगों को स्थान परिवर्तन का सामना करना पड़ेगा। लोकप्रियता मिलेगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। पुराने मित्रों से भेंट होगी। विद्यार्थियों को इच्छित सफलता मिलेगी।





सुवर्ण से समृद्ध
च्यवनप्राश
धूतपापेश्वर
१८७२ से आयुर्वेद सेवा
स्वामला®
सेहत का खजाना,
दो चम्मच* रोजाना!
शरीर घटकों का बल बढाए
रोगप्रतिकारशक्ति सक्षम बनाए
उत्साह एवं उर्जा को बढाए
रोग पुनरूत्पत्ति रोकने में मदद करें
श्वसनसंस्थान का बल बढाए
स्वास्थ्य को बरकरार रखें
धूतपापेश्वर
स्वामला
हर मौसम में संपूर्ण स्वास्थ्यवर्धक
सुवर्ण से समृद्ध
६० सालों से विश्वसनीय उत्पाद
Authentic · Standardised · Safe · Efficacious
*मात्रा: बड़ों के लिए - १ बड़ा चम्मच (१५ ग्राम) दिन में २ बार
बच्चों के लिए (१२+ वर्ष) - १ छोटा चम्मच (५ ग्राम) दिन में २ बार
सावधान: चिकित्सक की सलाह अनुसार ले
श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड शास्त्रोक्त • मानकीकृत • सुरक्षित • उत्तम गुणवत्ता • १४५+ वर्षोकी आयुर्वेद परंपरा
For Health & Trade Enquiries Tollfree: 1800 22 9874 I For online purchase: http://consumerayurved.com
F22SWDad5.5x9.5H128



## Aditya Birla Group: Making a life changing difference

We work in 7000 villages. Reach out to 9 million people. A glimpse:

### HEALTHCARE

Over 100 million Polio vaccinations

5,000 Medical camps / 20 Hospitals: 1 million patients treated

Over 50 deaf and mute children moved from the world of silence to the sound of music through the cochlear implant

Reach out to over 4,000 children. Extending financial support for the chemotherapy sessions. Encouraging them in a holistic manner to get back quickly on the road to recovery.

Engaged in prevention of cervical cancer through the administration of the HR-HPV vaccines in Maharashtra. Over 1800 girls have been vaccinated.

More than 6,600 persons had their vision restored through the Vision Foundation of India

100,000 persons tested on 32 health parameters through HealthCubed

### EDUCATION

Our 56 schools accord quality education to 46,500 students

Mid-day meals provided to 74,000 children

Solar lamps given to 4.5 lakh children in the hinterland

Foster the cause of the girl child through 40 Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas

### SUSTAINABLE LIVELIHOODS

100,000 people trained in skill sets

45,000 women empowered through 4500 SHGs

200,000 farmers on board our agro-based training projects

And much more is being done through the Aditya Birla Centre for Community Initiatives and Rural Development, spearheaded by Mrs. Rajashree Birla. Because we care.

**NUMBERS MEAN A LOT**
**BUT A SMILE MEANS EVERYTHING!**

ADITYA BIRLA GROUP
Engage. Uplift. Empower






RNI-MPHIN/2005/14721
Po.-Malwa Division/244/2020-2022
Despatch Date - 02 December, 2021



If Undelivered Please Return To
**SRI MAHESHWARI TIMES**
90, Vidya Nagar (Behind Tedi Khajur Dargah)
Sanwer Road, UJJAIN (M.P.) - 456010
Ph. : 0734-2526561, 2526761 , Mo. : 94250-91161
E-mail : smt4news@gmail.com

https://www.facebook.com/smtmagazine/
https://srimaheshwaritimes.com